## खबर संक्षेप

### पशु तस्करों की अब खैर नहीं

**मैहर/बदेरा।** आईजी गौरव राजपूत के निर्देश पर चलाए जा रहे पशु बचाव अभियान के तहत बदेरा पुलिस पशु तस्करों को रोकने के लिए पूरी तरह मुस्तैद है। टी.आई.अभिषेक सिंह परिहार के नेतृत्व में थाना क्षेत्र में पुलिस टीम का गठन कर उसे पूरी तरह अलर्ट कर दिया गया है। भदनपुर टोल नाके पर रात के समय दो पुलिसकर्मी पहरा देते हुए वाहनों की आवाजाही पर पैनी नजर रखते हैं और संदेह होने पर उनकी चेकिंग करते हैं। इसके साथ ही,सीमावर्ती इलाकों से लेकर थाना क्षेत्र तक पेट्रोलिंग वाहन का गश्त दिन-रात लगातार जारी रहता है,जिससे अपराधियों और पशु तस्करों में भय व्याप्त है। टीआई अभिषेक सिंह ने कड़ा रुख अपनाते हुए साफ़ शब्दों में कहा है कि पशु तस्करों की अब खैर नहीं,उन्होंने थाना क्षेत्र के सभी समाजसेवी और प्रबुद्ध जनों से अपील की है कि पशु तस्करों की सूचना नीचे दिए गए नंबरों पर बदेरा पुलिस और कंट्रोल रूम को दें,ताकि तस्करों पर कार्रवाई करते हुए उन पर लगाम लगाई जा सके।

### एकता से ही सत्ता मिलेगी: आशीष



**मैहर।** एसटी,एससी,ओबीसी महासभा द्वारा छत्रपति शाहूजी महाराज की जयंती बड़े ही धूमधाम से मनाई गई। इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि उत्तर प्रदेश सरकार के कैबिनेट मंत्री आशीष पटेल ने संबोधित करते हुए कहा कि एसटी,एससी और ओबीसी वर्ग के लोगों को एकजुट होने की सख्त ज़रूरत है। उन्होंने ज़ोर देकर कहा कि जब ये वर्ग एक साथ आएंगे,तभी सत्ता उनके हाथों में होगी और पिछड़े, दलित,आदिवासी अपने मान-सम्मान के साथ अपने अधिकार प्राप्त कर पाएंगे। कार्यक्रम के संयोजक और ज़िला पंचायत सदस्य देवदत्त सोनी ने बताया कि यह क्षेत्र में ऐसे आयोजनों की सिर्फ़ शुरुआत है। उन्होंने विश्वास दिलाया कि भविष्य में भी आप सभी के सहयोग से इसी तरह के आयोजन होते रहेंगे और इन वर्गों के लिए उनका संघर्ष हमेशा जारी रहेगा। कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथियों में छतरपुर से आर.डी. प्रजापति,सतना से फूल सिंह टेकाम,श्रीमती तारा विजय पटेल,स्वामी दिन कुशवाहा गादी कल,मलाई राम चौधरी,अमृतलाल पटेल,कमलेश कुशवाहा,इंद्रपाल पटेल,और गोविंद नाथ पटेल शामिल थे। कार्यक्रम का संचालन वीरेंद्र सिंह कुषधि ने किया।

### सावन में फिर लगी झड़ी, नदी नालों का जलस्तर फिर बढ़ा

**सतना।** जिले में पिछले कुछ दिनों से रुकी बारिश फिर शुरू हो गई है। शनिवार को बादलों ने जोरदार बारिश की। इसके साथ ही नदी और नालों का जल स्तर फिर से बढ़ने लगा है। बारिश ने जनजीवन को भी खासा प्रभावित किया है। रुक-रुक कर हो रही तेज बारिश के कारण जिले के कई इलाकों में जलभराव की स्थिति बन गई है,जिससे आम लोगों को आवागमन में दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। बारिश का यह सिलसिला शुक्रवार से शुरू होकर शनिवार को भी जारी रहा। सुबह से ही आसमान में घने बादल छाए रहे और दिन भर रुक-रुक कर तेज बारिश होती रही। मौसम विभाग के अनुसार,अगले 24 घंटों में भी जिले में भारी बारिश की संभावना है। लगातार हो रही बारिश के कारण शहर की निचली बस्तियों में पानी भर गया है।सड़कों पर पानी जमा होने से यातायात धीमी गति से चल रहा है। कई मुख्य मार्गों पर जलभराव के कारण वाहनों की लंबी कतारें देखी गईं। ग्रामीण इलाकों में भी स्थिति कुछ ऐसी ही है,जहां खेतों में पानी भर जाने से किसानों की चिंताएं बढ़ गई हैं।

# मुख्यमंत्री डॉ.यादव ने लाड़ली बहना योजना को बताया सम्मान का प्रतीक



### 2028 तक राशि 3000 होगी



**सतना।** मुख्यमंत्री डॉ.मोहन यादव ने शुक्रवार को सतना जिले के सिंहपुर में 'मातृशक्ति उत्सव' के तहत आयोजित महिला सम्मेलन को संबोधित करते हुए लाड़ली बहना योजना को बहन-बेटियों के सम्मान का प्रतीक बताया। उन्होंने घोषणा की कि लाड़ली बहना योजना के अंतर्गत दी जाने वाली राशि में चरणबद्ध तरीके से वृद्धि की जाएगी,और वर्ष 2028 तक बहनों को 3000 प्रति माह उपलब्ध कराए जाएंगे। वर्तमान में सावन के महीने में लाड़ली बहनों के खाते में 1250 के साथ 250 अतिरिक्त आ रहे हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य सरकार महिलाओं की आर्थिक प्रगति,सामाजिक समरसता और अधिकार संपन्नता के लिए प्रतिबद्ध है। उन्होंने बताया कि दीपावली के बाद आने वाली भाईदूज तक लाड़ली बहनों को हर माह 1500 की सहायता राशि मिलेगी। डॉ.यादव ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में किसान,युवा,गरीब कल्याण और महिला सशक्तिकरण के लिए संचालित विभिन्न योजनाओं पर प्रकाश डाला। उन्होंने बेटियों के लिए शिक्षा व्यवस्था,साइकिल और लैपटॉप वितरण,तथा डॉक्टर-इंजीनियर बनने में सहायता जैसी पहलों का भी जिक्र किया। मुख्यमंत्री ने सतना को प्रदेश का सर्वश्रेष्ठ जिला बनाने का संकल्प दिलाया और 93 करोड़ रुपए से अधिक लागत के 232 विकास कार्यों का लोकार्पण और भूमिपूजन किया। इनमें 44.07 करोड़ के 135 कार्यों का लोकार्पण और 49.11 करोड़ के 97 कार्यों का भूमिपूजन शामिल है। उन्होंने सतना जिले के सिंहपुर में प्रस्तावित सोलर प्लांट स्थापित करने की पहल करने की बात भी कही। किसानों के लिए सोलर पंप पर अनुदान,बरगी नहर के कार्य पूर्ण होने से रीवा-सतना क्षेत्र में पर्याप्त जल उपलब्धता और सिंचाई क्षेत्र को बढ़ाने के लक्ष्य पर भी मुख्यमंत्री ने जोर दिया। उन्होंने कहा कि वर्ष 2028 तक 100 लाख हेक्टेयर क्षेत्र में सिंचाई सुविधा उपलब्ध कराने का लक्ष्य है। कार्यक्रम में नगरीय विकास एवं आवास मंत्री कैलाश विजयवर्गीय, राज्य मंत्री श्रीमती प्रतिमा बागरी,सांसद गणेश सिंह सहित कई जनप्रतिनिधि और हजारों की संख्या में लाड़ली बहनें उपस्थित थीं। मुख्यमंत्री ने विभिन्न विभागों की प्रदर्शनी का अवलोकन किया और महिला स्व-सहायता समूहों के उत्पादों का स्वाद लिया। उन्होंने 'एक पेड़ मां के नाम' थीम पर 'नवांकुर सखी हरियाली यात्रा' अभियान के तहत ग्यारह नवांकुर बहनों को बीज रोपित पौधे भेंट किए।

### मुख्यमंत्री ने दी स्व.जीवनदास बागरी को श्रद्धांजलि

मुख्यमंत्री डॉ.मोहन यादव ने शनिवार को सतना जिले के ग्राम हरदुआ पहुंचकर नगरीय विकास एवं आवास राज्यमंत्री श्रीमती प्रतिमा बागरी के पितामह स्व.जीवनदास बागरी के चित्र पर पुष्प अर्पित कर अपनी श्रद्धांजलि दी। उन्होंने दिवगंत आत्मा की शांति के लिये प्रार्थना की और शोक संतृप्त परिजनों से मिलकर ढाढस बंधाया। इस मौके पर जिले के प्रभारी मंत्री कैलाश विजयवर्गीय ने भी श्रद्धा सुमन अर्पित किए।इस मौके पर राज्यमंत्री श्रीमती प्रतिमा बागरी,उनके पिता जयप्रताप बागरी एवं परिवार जन तथा सांसद गणेश सिंह भी उपस्थित थे।

# सामने आया चौंकाने वाला मामला: व्यक्ति को मिला 3 आय का प्रमाणपत्र, अधिकारी बोले- लिपिकीय त्रुटि

**सतना।**

जिले में एक हैरान कर देने वाला मामला सामने आया है। यहां एक व्यक्ति को सरकारी विभाग द्वारा जारी आय प्रमाण पत्र में उसकी वार्षिक आय मात्र 3 दर्शाई गई है। इस गंभीर त्रुटि के सामने आने के बाद प्रशासनिक गलियारों में हड़कंप मच गया है और संबंधित अधिकारी इसे 'लिपिकीय त्रुटि' बताकर अपना पल्ला झाड़ते नजर आ रहे हैं। जानकारी के अनुसार को नयागांव निवासी पिता और श्यामलाल ने अपना आय प्रमाण पत्र बनवाने हेतु आवेदन किया था। जब उसे यह प्रमाण पत्र मिला, तो वह और उसके परिजन दस्तावेज में लिखी आय देखकर स्तब्ध रह गए। प्रमाण पत्र पर स्पष्ट रूप से उसकी वार्षिक आय 3 (मात्र तीन रुपये) अंकित थी। यह हास्यास्पद आंकड़ा किसी भी सामान्य व्यक्ति की आय से कहीं कम है और सरकारी दस्तावेजों की



विश्वसनीयता पर बड़ा सवाल खड़ा करता है। पीड़ित व्यक्ति ने तुरंत इस त्रुटि के संबंध में संबंधित विभाग से संपर्क किया। शुरुआत में अधिकारियों ने मामले को गंभीरता से नहीं लिया,लेकिन जब मीडिया और स्थानीय लोगों के बीच यह बात फैली,तो प्रशासन हरकत में आया। मामले पर प्रतिक्रिया देते हुए,'तहसीलदार' सौरभ द्विवेदी ने बताया,यह एक लिपिकीय त्रुटि है। कंप्यूटर ऑपरेटर द्वारा डेटा एंट्री करते समय यह गलती हो गई है। हम इस मामले की जांच कर रहे हैं और जल्द ही सही आय प्रमाण पत्र जारी किया गया।भविष्य में ऐसी त्रुटियां न हों,इसके लिए उचित कदम उठाए जाएंगे।हालांकि,इस घटना ने सरकारी विभागों में कार्य प्रणाली और कर्मचारियों की लापरवाही पर गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं। सवाल यह है कि जब कोई महत्वपूर्ण दस्तावेज जारी किया जाता है,तो उसकी जांच क्यों नहीं की जाती? क्या कोई अधिकारी हस्ताक्षर करने से पहले दस्तावेजों की पड़ताल नहीं करता? इस तरह की त्रुटियां न केवल नागरिकों को परेशान करती हैं,बल्कि सरकारी कार्यप्रणाली की छवि को भी धूमिल करती हैं।यह घटना उन लाखों लोगों के लिए एक सबक है जो सरकारी दफ्तरों में अपने काम के लिए चक्कर काटते हैं और अक्सर ऐसी ही अजीबोगरीब समस्याओं का सामना करते हैं।उम्मीद है कि इस मामले में जिम्मेदार लोगों पर उचित कार्रवाई की जाएगी और भविष्य में ऐसी लापरवाही पर अंकुश लगेगा।

# बारिश में भी नहीं बख्शे गए बकायादार बिजली विभाग ने काटे 704 कनेक्शन

**हरिभूमि न्यूज, सतना।**

शहर में बिजली बिलों की बकाया वसूली के लिए मध्य क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी ने आज विशेष अभियान चलाया। तेज बारिश के बावजूद,राजस्व विभाग के कर्मचारियों ने उन उपभोक्ताओं के कनेक्शन काट दिए और मीटर निकाल लिए,जिन्होंने अपने बिजली बिल का भुगतान नहीं किया था। छुट्टी का दिन होने के बावजूद,शहर कार्यालय में बिल जमा करने और अपने कनेक्शन फिर से चालू करवाने के लिए उपभोक्ताओं की लंबी कतारें देखी गईं। विभाग ने 31 जुलाई तक 7500 बकायादारों के कनेक्शन काटने का लक्ष्य रखा है,और आज की कार्रवाई से उपभोक्ता भी हैरान रह गए। सहायक अभियंता राजस्व,अवनीश पांडे ने बताया कि बिजली विभाग द्वारा जारी गुलाबी नोटिस अंतिम चेतावनी है,और अब केवल कनेक्शनों को स्थायी रूप से विच्छेदित करने का काम किया जाएगा। साथ ही,बकायादारों के खिलाफ न्यायालय में प्रकरण दर्ज किए जाएंगे। बिजली चोरी और अनधिकृत उपयोग के संबंध में जारी नोटिसों का भुगतान न करने वालों के खिलाफ भी कानूनी कार्रवाई शुरू हो गई है। कार्यपालन अभियंता शहर संभाग,नीलाभ श्रीवास्तव ने बकायादारों से तत्काल अपना भुगतान करने की अपील की है। आज की कार्रवाई के बाद,लगभग डेढ़ हजार लोगों ने अपने बिल जमा किए। आज के अभियान में,कोलगवां में 179 कनेक्शन (4.58 लाख रुपये),मुख्त्यारगंज में 145 कनेक्शन (4.21 लाख रुपये),आर.ई.एस. में 205 कनेक्शन (6.85 लाख रुपये), और टाउन व टिकुरिया टोला में 211 कनेक्शन (6.14 लाख रुपये) काटे गए। कुल मिलाकर,704 कनेक्शन काटे गए, जिनसे 21.75 लाख रुपये की वसूली अपेक्षित है,और 401 मीटर भी निकाले गए, जिनकी बकाया राशि 11.14 लाख रुपये है। विभाग ने यह भी बताया कि उपभोक्ताओं की सुविधा के लिए रविवार को भी कार्यालय बिल जमा करने के लिए खुला रहेगा।



# एकेएस विश्वविद्यालय में कारगिल विजय दिवस पर शौर्य और श्रद्धा का भव्य आयोजन

**सतना।**

एकेएस विश्वविद्यालय में कारगिल विजय दिवस पर भव्य आयोजन हुआ। देश की अखंडता और संप्रभुता की रक्षा में अपने प्राणों की आहुति देने वाले वीर सपूतों को नमन करते हुए एकेएस विश्व विद्यालय में कारगिल विजय दिवस मनाते हुए शौर्य,बलिदान और कृतज्ञता का समारोह आयोजित किया गया। विश्वविद्यालय के केंद्रीय सभागार में संपन्न इस गरिमामयी आयोजन का संयोजन एहसास फाउंडेशन एवं पूर्व सैनिक संगठन के संयुक्त तत्वावधान में भव्य समारोह का आयोजन संपन्न हुआ। इस अवसर पर कारगिल के शहीदों की स्मृति में श्रद्धांजलि अर्पित की गई और कारगिल युद्ध में भाग लेने वाले पूर्व सैनिकों एवं शहीदों की वीर नारियों को




सम्मानित किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता विश्वविद्यालय के कुलाधिपति बी.पी.सोनी ने की तथा मुख्य अतिथि के रूप में ब्रिगेडियर विक्रम सांघी समारोह में पधारे। अपने उद्बोधन में उन्होंने कारगिल युद्ध के अनुभव साझा करते हुए युवाओं को राष्ट्रसेवा के प्रति प्रेरित किया। इस अवसर पर एहसास फाउंडेशन के अध्यक्ष समर सिंह बघेल, प्रो-वाइस चांसलर डॉ.हर्षवर्धन श्रीवास्तव, तथा सक्सेस फाउंडेशन, नई दिल्ली की संस्थापक एवं समाज सेविका श्रीमती चमन खान ने शहीदों के प्रति श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए राष्ट्र निर्माण में युवाओं की भागीदारी को आवश्यक बताया।

# बेतरतीब ट्रैफिक व्यवस्था ने ली डॉक्टर की जान: स्मार्ट सिटी के दावों पर सवालिया निशान

**सतना।**

लचर और बेतरतीब ट्रैफिक व्यवस्था ने एक बार फिर अपना क्रूर चेहरा दिखाया है। पिछले दिनों शहर के व्यस्ततम चौराहे,सर्किट हाउस पर एक बस की चपेट में आकर गंभीर रूप से घायल हुए डॉक्टर साहब ने लंबे इलाज के बाद आखिरकार दम तोड़ दिया,जिससे पूरे शहर में शोक और आक्रोश का माहौल है। यह घटना सतना की ध्वस्त ट्रैफिक व्यवस्था की एक दर्दनाक मिसाल है और ट्रैफिक पुलिस की कार्यप्रणाली पर गंभीर सवाल खड़े करती है। शहर के नागरिकों का आरोप है कि सतना ट्रैफिक पुलिस वसूली का पर्याय बन चुकी है। सिग्नलों पर ऑटोमैटिक चालान और शहर के एंट्री प्वाइंट्स पर चेकिंग के नाम पर 'बलात वसूली' आम बात हो गई है,जबकि वास्तविक ट्रैफिक प्रबंधन पूरी तरह से नदारद है। यह दुर्भाग्यपूर्ण है कि 'स्मार्ट सिटी' के नाम पर करोड़ों



रुपये खर्च कर एक इंटीग्रेटेड ट्रैफिक मैनेजमेंट सिस्टम लगाया गया,लेकिन इसका एकमात्र परिणाम लोगों के घरों तक पहुंचने वाले चालान ही रहे। ट्रैफिक जाम की समस्या जस की तस बनी हुई है,बल्कि कई बार तो और बिगड़ गई है। सर्किट हाउस चौराहा,जो शहर के सबसे महत्वपूर्ण चौराहों में से एक है,पर लंबा ट्रैफिक जाम लगना एक रोजमर्रा की बात है। विडंबना यह है कि जिस दिन ट्रैफिक लाइटें काम नहीं करतीं, उस दिन कोई जाम नहीं लगता,जो इस तथाकथित 'स्मार्ट' सिस्टम की कार्यप्रणाली पर एक बड़ा प्रश्नचिह्न लगाता है। क्या यही है स्मार्ट सिटी का विकास,जहां तकनीक लोगों की सुविधा के बजाय परेशानी का सबब बन जाए? शहर के निवासी इस बात से बेहद शर्मिंदा और व्यथित हैं कि ट्रैफिक पुलिस का ध्यान व्यवस्था सुधारने के बजाय केवल जुर्माना वसूलने पर केंद्रित है। इस दुखद घटना ने प्रशासन को अपनी आंखें खोलने और सतना की ट्रैफिक व्यवस्था को दुरुस्त करने के लिए ठोस कदम उठाने की आवश्यकता है। जब तक सड़कों पर सुरक्षा सुनिश्चित नहीं की जाती,तब तक स्मार्ट सिटी के दावे खोखले ही रहेंगे।

# विधायक ने रखी मां सिंहवाहिनी रोड की नींव, किसानों ने दी सहमति



**रामपुर बघेलान।**

रामपुर बघेलान विधानसभा क्षेत्र के विधायक विक्रम सिंह 'विक्की भईया' ने ग्राम पंचायत बांधा में स्थित कुलदेवी मां सिंहवाहिनी मंदिर तक जाने वाली सड़क का शिलान्यास किया। इस परियोजना के लिए किसानों ने अपनी निजी भूमि की सहर्ष सहमति दी है,जिससे सड़क निर्माण का कार्य जल्द ही शुरू हो सकेगा। इस अवसर पर पार्षद शिवांक त्रिपाठी,रिटायर्ड पटवारी हीरामणि त्रिपाठी,हरेंद्र त्रिपाठी,डॉ.केशव त्रिपाठी,अभिमन्यु त्रिपाठी,राजेंद्र तिवारी,अंगद सिंह,विष्णुकांत त्रिपाठी, अन्टू द्विवेदी,आसानंद त्रिपाठी,राजेश त्रिपाठी,हरेंद्र गौतम,संजीव द्विवेदी,सुरेश त्रिपाठी,मनीष त्रिपाठी, मनसुख त्रिपाठी,और भीसम सिंह सहित हल्का पटवारी चंद्रपाल सतनामी और इंजीनियर विश्वजीत कुशल भी उपस्थित रहे। नगर परिषद रामपुर बघेलान के कर्मचारी भी इस दौरान मौजूद थे।

# आदर्श नगर में घर में घुसे बाज के बच्चे का वन विभाग ने किया रेस्क्यू



**सतना।**

आदर्श नगर हवाई पट्टी के पास एक घर में शुक्रवार शाम को एक बाज का बच्चा घुस गया, जिससे हड़कंप मच गया। घर के मालिक ने तुरंत वन विभाग को इसकी सूचना दी। जानकारी मिलते ही वन विभाग की टीम मौके पर पहुंची और लगभग एक घंटे की मशक्कत के बाद बाज के बच्चे को सुरक्षित रेस्क्यू कर लिया। वन विभाग के अधिकारियों ने बताया कि बाज का बच्चा संभवतः उड़ना सीख रहा था और भटककर रिहायशी इलाके में आ गया था। रेस्क्यू के बाद बाज के बच्चे को जांच के लिए वन विभाग कार्यालय ले जाया गया है,जहां उसकी सेहत का आकलन किया जाएगा। प्रारंभिक जांच में वह स्वस्थ लग रहा है। वन विभाग ने बताया कि पूरी तरह स्वस्थ पाए जाने के बाद उसे जल्द ही प्राकृतिक आवास में छोड़ दिया जाएगा।

**नाम परिवर्तन सूचना**

मैं श्रीमती हीना सुखनानी पति श्री दीपक सुखनानी निवासी पारस कालोनी टिकुरियाटोला सतना तह. रघु. जिला-सतना म.प्र. की हूं और सपथपूर्वक यह कथन करती हूं कि, मेरी शादी के पूर्व मेरा नाम पिंकी उमरनानी पुत्री श्री किशनलाल उमरनानी था। मेरी शादी के बाद मैं अपने पति के साथ रहती हू तथा हमारी जाति परम्परा के अनुसार मेरा नाम अब हीना सुखनानी पति श्री दीपक सुखनानी हो गया है। उक्त दोनो ही नाम मेरे एक ही व्यक्ति के हैं शादी के बाद मेरा आधार कार्ड भी हीना सुखनानी पति श्री दीपक सुखनानी के नाम बना है, आगे यही पढा, लिखा व माना जाये। दोनो ही नाम मेरे हैं जिसकी पूर्ण जबाबदारी मेरी है। जिस बावत् शपथपत्र प्रस्तुत करती हूँ।

## खबर संक्षेप

### पवई में श्रवण मास पर तीन दिवसीय पार्थिव शिवलिंग निर्माण एवं अखंड रामायण पाठ का आयोजन



**पवई।** श्रवण मास के पावन अवसर पर पवई नगर के वार्ड क्रमांक 13 स्थित शिवशक्ति कॉलोनी में धार्मिक वातावरण बना हुआ है। यहां हरिशंकर त्रिपाठी के निवास पर गुरुवार से तीन दिवसीय पार्थिव शिवलिंग निर्माण एवं अखंड रामायण पाठ का आयोजन प्रारंभ हुआ है। श्रद्धालुओं की उपस्थिति में विधिविधान से पूजा-पाठ प्रारंभ हुआ और लगातार रामायण पाठ का श्रवण किया जा रहा है। इस आयोजन के अंतर्गत शनिवार को समापन अवसर पर शांति पाठ एवं ब्राह्मण भोजन का आयोजन भी किया जाएगा। धार्मिक आयोजन में बड़ी संख्या में श्रद्धालु भाग ले रहे हैं और भक्ति भाव से पूजन-अर्चन में जुटे हुए हैं। पूरे क्षेत्र में भक्तिमय वातावरण व्याप्त है। आयोजक परिवार द्वारा श्रद्धालुओं के लिए प्रसाद वितरण एवं अन्य सुविधाओं की समुचित व्यवस्था की गई है।

### नशे में धुत्त बाईक सवार ने तीन लोगों को मारी टक्कर



**पवई।** कलेही मंदिर के पास दमोह-सागर मेन रोड साप्ताहिक बाजार में मोटरसाइकिल चालक अनिल सोनकर पिता अनारी सोनकर निवासी पवई ने तीन लोगों को टक्कर मारकर उन्हें पवई हॉस्पिटल पहुंचा दिया है। बाइक का नंबर एमपी 35 जेडए 2284 बताया गया है। बताया गया है कि पवई के माता कलेही मंदिर के पास सड़क में गलत तरीके से बाजार लगने से यहां भारी भीड़ और जाम की स्थिति रहती है। पन्ना कलेक्टर के निर्देशों के बाद भी नगर प्रशासन द्वारा साप्ताहिक बाजार लगाने की समुचित व्यवस्था नहीं की जा रही, बताया गया है कि एक बाईक सवार ने तीन लोगों को टक्कर मार दी जिससे तीनों घायल हो गए हैं। घायल गेंदा आदिवासी ग्राम खमरिया, मोहम्मद रईस पिता इंगू सौदागर नन्ही पवई को अस्पताल पहुंचाया गया है।

### पन्ना में अंतर्राष्ट्रीय बाघ दिवस पर आयोजित होगा मिनी मैराथन



**पन्ना।** अंतर्राष्ट्रीय बाघ दिवस के अवसर पर मध्यप्रदेश के पन्ना जिले में मंगलवार 29 जुलाई को पन्ना टाइगर रिजर्व द्वारा सुबह 7 से 9 बजे तक रन फॉर टाइगर्स की थीम पर मिनी मैराथन का आयोजन किया जाएगा। पांच किलोमीटर की मैराथन में किसी भी आयु वर्ग के महिला एवं पुरूष सहभागिता कर सकेंगे। यह मैराथन छत्रसाल स्टेडियम से प्रारंभ होकर बीटीआई चौक, ब्लॉक तिराहा, डायमंड चौक, मोहन राजविलास चौराहा, पॉवर हाउस चौराहा, गांधी चौक एवं अम्बेडकर चौक व कोतवाली चौराहा होते हुए वापस छत्रसाल स्टेडियम में समाप्त होगी। इस क्रम में सुबह 8 से 10 बजे तक छत्रसाल स्टेडियम पन्ना में वॉलीबाल प्रतियोगिता भी आयोजित की जाएगी, जबकि सुबह 10:30 बजे से 11:30 बजे तक पुरस्कार वितरण और समापन समारोह होगा।

### पन्ना विधानसभा अंतर्गत अजयगढ़ क्षेत्र में जैतपुर पंचायत के कंटकपुर का मामला

# स्कूल जाने के लिए जान जोखिम में डाल कर नाला पार करने को मजबूर बच्चे

पन्ना। इस आधुनिक युग में भले ही दूसरे ग्रहों पर पहुंचना आसान हो गया है लेकिन आजादी के 78 सालों बाद भी बरसात के दिनों में पन्ना जिले के कुछ ग्रामों के बच्चों को स्कूल पहुंचने के लिए कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है। ऐसा ही मामला पन्ना विधानसभा अंतर्गत अजयगढ़ जनपद क्षेत्र के ग्राम पंचायत जैतूपुर की अनुसूचित जाति बस्ती कंटकपुर का बताया गया है।



लगभग ढाई सौ की आबादी वाले कंटकपुर मार्ग के बगही दाई नाला में पुलिया का निर्माण नहीं होने से बरसात के दिनों में आवागमन मुश्किल हो जाता है। पानी कम होने पर पैदल तो लोग किसी तरह आवागमन कर लेते हैं लेकिन कोई वाहन पहुंचना मुश्किल होता है। सबसे ज्यादा परेशानी स्कूली बच्चों को होती है क्योंकि कंटकपुर में स्कूल नहीं होने से बच्चों को जैतूपुर के स्कूल पढ़ने जाने के लिए बिना पुलिया के नाला को पानी में उतरकर पार करने को मजबूर होना पड़ता है। ग्राम पंचायत जैतूपुर के सरपंच अरविंद पटेल से चर्चा करने पर उन्होंने बताया कि मेरे द्वारा कलेक्टर कार्यालय में आवेदन प्रस्तुत कर पुलिया निर्माण की मांग उठाई गई है शीघ्र ही बजट स्वीकृत होने की उम्मीद है जिसके बाद पुलिया का निर्माण हो सकेगा। पुलिया का निर्माण कब तक होता है यह तो अभी निश्चित नहीं है लेकिन इस प्रकार नाला पार करना बच्चों के लिए खतरनाक हो सकता है।

# झमाझम बारिश के बीच दिन भर चलता रहा

### राज्यपाल के नाम सौंपा 17 सूत्रीय ज्ञापन, 15 दिनों के अंदर निराकरण की मांग आंदोलन की चेतावनी



**पन्ना।** प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी के आह्वान पर जिला कांग्रेस कमेटी पन्ना के अध्यक्ष शिवजीत सिंह भैया राजा व जिला सह प्रभारी भूपेंद्र राहुल के नेतृत्व में 26 जुलाई 2025 को गांधी चौक पन्ना में जिला स्तरीय धरना प्रदर्शन एवं ज्ञापन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस दौरान वरिष्ठ एवं युवा कांग्रेसी नेता सरकार की नाकामियां गिनाते हुए जमकर दहाड़े। शाम लगभग 4 बजे तहसीलदार ने पहुंच कर ज्ञापन प्राप्त किया, ज्ञापन के माध्यम से मुख्य रूप से खाद की किल्लत से निजात, अत्यधिक वर्षा के कारण किसानों को हुए नुकसान का मुआवजा, स्मार्ट मीटर में उपभोक्ताओं से हो रही मनमानी वसूली को रोकने, प्रदूषित पानी की सप्लाई रोकने, फर्जी केस लगाकर प्रताड़ति करने वालों पर कार्रवाई, अवैध नशीले पदार्थ एवं अवैध शराब की बिक्री रोकने, जर्जर एवं खस्ताहाल सड़कों में होने वाली दुर्घटनाओं को रोकने सड़कों की समय पर मरम्मत करवाने। अमृत -2 योजना अंतर्गत जिले भर के ग्रामीण एवं शहरी क्षेत्रों में की गई सीसी रोडों की खुदाई की शीघ्र मरम्मत करवाने, जुगल किशोर मंदिर का तोरण द्वार बार-बार तोड़ने की जांच, समग्र आईडी में नाम नहीं जोड़ने के कारण विद्यार्थियों की समस्या का निराकरण, विद्यालय के मार्गों का निर्माण व जर्जर विद्यालयों की मरम्मत, जुगल किशोर लोक के नाम पर पुश्तैनी मकान अधिग्रहण कर मुआवजा राशि व जमीन देने, मडला पुल की मरम्मत, नेशनल हाईवे 39 के गड्ढों एवं जर्जर सड़क की मरम्मत, जेके सीमेंट में स्थानीय लोगों को रोजगार, जेके सीमेंट के बड़े-बड़े ट्राला से होने वाली दुर्घटनाओं को रोकने के प्रयास, कांग्रेस कार्यकर्ताओं एवं आम जनता की भूमि को पक्षपात पूर्ण शासकीय घोषित करने की जांच एवं शासकीय मीटिंग में कांग्रेस पदाधिकारियो को सभी ब्लॉकों में अनिवार्य रूप से आमंत्रित करने। प्रधानमंत्री आवास के पात्र लोगों को कॉलोनी बनाकर देने। नगर पालिका में नामांतरण एवं भवन मंजूरी की प्रक्रिया को सरल बनाने। हाउसिंग बोर्ड द्वारा भूखंड आवंटन के लिए जो नीलामी प्रक्रिया अपनाई जानी है उसे पारदर्शी बनाने की मांग उठेगी गई है। 15 दिवस के अंदर उक्त संपूर्ण मांगों का निराकरण नहीं होने पर आंदोलन की चेतावनी दी गई है। धरना प्रदर्शन एवं ज्ञापन के दौरान जिला अध्यक्ष शिवजीत सिंह भैया राजा, जिला सह प्रभारी भूपेंद्र राहुल, पूर्व विधायक श्रीकांत दुबे, पूर्व विधायक महेंद्र बागरी, जीवनलाल सिद्धार्थ, सेवालाल पटेल, राजबहादुर पटेल, ब्लॉक अध्यक्ष अक्षय तिवारी, अनीश खान, रेहान मोहम्मद सहित सैकड़ों की संख्या में कांग्रेसी पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता शामिल रहे। झमाझम बारिश के बीच दोपहर से लेकर शाम तक कार्यक्रम चला रहा।

# अघोषित बिजली कटौती से बेहाल नगर सहित ग्रामीण अंचल के लोग

### जनजीवन प्रभावित, दिन-रात हो रही परेशानी





**पवई।** क्षेत्र में लगातार जारी अघोषित बिजली कटौती ने नगर सहित ग्रामीण अंचल के लोगों की मुश्किलें बढ़ा दी हैं। बिना किसी पूर्व सूचना के बार-बार बिजली बंद होने से आम जनजीवन पूरी तरह अस्त-व्यस्त हो गया है। बिजली की इस अनियमित आपूर्ति से घरेलू कामकाज पर भी असर पड़ रहा है। पंखे, कूलर, मोटर और अन्य जरूरी उपकरण ठप हो जाते हैं, जिससे लोगों को दिन-रात परेशानी झेलनी पड़ रही है। ग्रामीण अंचल में स्थिति और भी बदतर है। जहां एक ओर लोग मोबाइल चार्ज नहीं कर पा रहे, वहीं व्यापारियों के कारोबार भी प्रभावित हो रहे हैं। दुकानदारों का कहना है कि बिजली के अभाव में ग्राहक कम आते हैं और बिक्री पर असर पड़ता है। हड़ा निवासी पुष्पेंद्र यादव ने बताया कि "गांव में बिजली कम ही मिलती है और जब मिलती है तो वोल्टेज इतनी कम होती है कि न मोबाइल चार्ज हो पाता है और न ही घर के विद्युत उपकरण ठीक से चल पाते हैं।"स्थानीय निवासी विजय सिंह ने बताया कि प्रोजाना घंटों बिजली नहीं रहती, किसी को पता भी नहीं होता कि कब जाएगी और कब आएगी। जनता ने बिजली विभाग से मांग की है कि वह जल्द से जल्द इस समस्या का स्थायी समाधान करे, अन्यथा क्षेत्रीय स्तर पर विरोध दर्ज कराया जाएगा।





### पवई धान रोपाई के लिए मजदूर ले जा रहा ट्रैक्टर ट्रॉली पलटा

**पवई।** पवई थाना अन्तर्गत आने वाले ग्राम कटिया छिरहा से धान की रोपाई के लिए मजदूर ले जा रहे ट्रैक्टर ट्रॉली के पलटने से लगभग दो दर्जन लोगों के घायल होने का मामला सामने आया है। जानकारी अनुसार ग्राम सुनेही से धान रोपाई के लिए लगभग दो दर्जन मजदूरों से भरी ट्रैक्टर ट्रॉली कटिया जा रहा था, कटिया छिरहा मोड के पास ट्रैक्टर अनियंत्रित होकर खेत के पास पलट गया, जिसमें लगभग दो दर्जन मजदूर घायल हो गए जिन्हें डायल 100 और 108 से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पवई लाया गया जहां लगभग 10 लोगों को उनकी गंभीर स्थिति को देखते हुए प्राथमिक उपचार के बाद जिला चिकित्सालय रिफर किया गया। बता दें कि ट्रैक्टर कटिया के एक किसान का बताता जा है। उक्त आशय की जानकारी देते हुए थाना प्रभारी त्रिवेंद्र त्रिवेदी ने बताया।

# मन की बात आयोजन को लेकर मंडल अमानगंज की बैठक

### पार्टी कार्यकर्ताओं को दी गई जिम्मेदारियां

**अमानगंज।** भारतीय जनता पार्टी मध्य प्रदेश एवं जिला संगठन के दिशा निर्देशन में गत माह की भांति इस माह आज 27 जुलाई को सारे प्रदेश और देश में मन की बात का आयोजन देश के ऊर्जावान प्रधानमंत्री नरेंद्र जी मोदी के द्वारा प्रस्तुत किया जा रहा है जिसके लिए भारतीय जनता पार्टी जिला पन्ना के प्रत्येक मंडल में मंडल स्तर पर आज तैयारी बैठकों का आयोजन किया गया और मंडल मुख्यालय अमानगंज मे यह आयोजन स्थानीय विश्रामगृह में मंडल अध्यक्ष डॉ प्रशांत चतुर्वेदी की अध्यक्षता में आयोजित किया गया जिन्होंने आज हर बूथ और शक्ति केंद्र के लिए पार्टी पदाधिकारी की नियुक्ति करने के साथ ही आज के आयोजन पर विस्तार से चर्चा की और दोपहर 11:00 बजे मन की बात आयोजन हर शक्ति केंद्र पोलिंग बूथ पर आयोजित रखने की बात रखी। बैठक को मुख्य रूप से महामंत्री दीपक यादव राजा प्रजापति उपाध्यक्ष अमित द्विवेदी आनंद सिंह राजपूत अरविंद दुबे राजदीप गोस्वामी मीडिया प्रभारी प्रेम नारायण शर्मा संगठन मंत्री घमंडी चौधरी अमित चांदपुरिया विकास अग्रवाल सोनू, तेलग राम मूरत सिंह तोमर मोहित यादव शहर संगठन के समस्त पदाधिकारी उपस्थित रहे।

# युवक ने अज्ञात कारणों के चलते फांसी लगायी



**पवई।** शनिवार को पवई के बीचो-बीच स्थित टोरिया में मंदिर के सामने पेड़ से तौलिया के सहारे फांसी लगाकर 32 वर्षीय युवक के द्वारा अज्ञात कारणों के चलते फांसी लगाकर आत्महत्या करने का मामला सामने आया है। बताया जाता है कि चाली राजा पिता नागेन्द्र सिंह उम्र 32 वर्ष निवासी कोनी द्वारा बीती रात्रि तौलिया से पेड़ से लटक कर फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। सुबह जब मंदिर के पुजारी रोज की तरह पूजा करने के लिए पहुंचे उन्होंने युवक को पेड़ से लटके देखा, उन्होंने तत्काल इसकी सूचना पुलिस को दी। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर पंचनामा कार्यवाही पश्चात शव को पीएम के लिए भेज दिया है। बता दे की मृतक दस महीने पहले पवई के करही मोड़ में कपड़ों की दुकान चलाता था उसके बाद वह बाहर चला गया। पुलिस ने मर्ग कायम कर जांच शुरू कर दी है।

# कारगिल विजय दिवस, भारतीय सेना के पराक्रम को नमन, छत्रसाल महाविद्यालय पन्ना में हुआ प्रेरणादायी कार्यक्रम

**पन्ना।** स्वामी विवेकानंद करियर मार्गदर्शन योजना के अंतर्गत प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस छत्रसाल शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय, पन्ना में कारगिल विजय दिवस के उपलक्ष्य में "भारतीय सेना दृ पराक्रम, प्रेरणा एवं सम्मान" विषयक कार्यक्रम का भव्य आयोजन महाविद्यालय के सभागार में किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ मां वीणावादिनी की प्रतिमा के समक्ष दीप प्रज्वलन एवं माल्यार्पण कर किया गया। तत्पश्चात महाविद्यालय के प्राचार्य एवं संरक्षक डॉ. एस. डी. चतुर्वेदी, प्रशासनिक अधिकारी डॉ पी पी मिश्रा, गणित विभाग के विभागाध्यक्ष डॉ जे के वर्मा ने मुख्य अतिथि सूबेदार चरणजीत सिंह एवं विशिष्ट अतिथि हवलदार पवन कुमार को शॉल एवं श्रीफल देकर सम्मानित किया गया। स्वामी विवेकानंद करियर मार्गदर्शन योजना के संयोजक डॉ. बी. एन. जायसवाल ने विषय प्रवर्तन करते हुए कहा, "कारगिल विजय



दिवस भारतीय सेना की अदम्य साहसिक गाथा का प्रतीक है। हमारे जवानों का पराक्रम और समर्पण प्रत्येक भारतीय के हृदय में गर्व और सम्मान की भावना जागृत करता है। हमें उनके अनुशासन, वीरता और निष्ठा से प्रेरणा लेनी चाहिए।" मुख्य अतिथि सूबेदार चरणजीत जीत सिंह ने कहा, "कारगिल युद्ध केवल एक विजय नहीं, बल्कि हमारी सेना की दृढ़ता और अनुशासन की मिसाल है। सैनिकों का साहस हर पीढ़ी को राष्ट्र सेवा की प्रेरणा देता रहेगा।" विशिष्ट अतिथि हवलदार पवन कुमार ने अपने उद्बोधन में कहा, "भारतीय सेना का प्रत्येक जवान मातृभूमि के लिए प्राणों की आहुति देने के लिए सदैव तत्पर रहता है। देश की रक्षा के लिए सैनिकों का बलिदान सर्वोच्च प्रेरणा है।" प्राचार्य डॉ. एस. डी. चतुर्वेदी ने अपने उद्बोधन में कहा कि कारगिल विजय दिवस उन वीरों की स्मृति में है जिन्होंने कठिनतम परिस्थितियों में देश की रक्षा कर इतिहास रचा। हम सबको देशप्रेम और कर्तव्यनिष्ठा से उनके आदर्शों का पालन करना चाहिए। जिला नोडल अधिकारी लेफ्टिनेंट डॉ. सिद्धू सिंह ने कहा, "भारतीय सेना का पराक्रम युवाओं को अनुशासन, साहस और कर्तव्यपालन का आदर्श देता है। हमें अपने जीवन में सैनिकों के समर्पण से सीख लेनी चाहिए।" इस अवसर पर डॉ. सचिन गोयल, डॉ. नंद कुमार पटेल, डॉ. धरमू कुशवाहा, डॉ. सतीश त्रिपाठी, डॉ राम मोहन तिवारी, डॉ गुलाबधर, डॉ. शुभम पाठक, डॉ. पियूषा शर्मा, डॉ. अरविंद मंडेलिया, डॉ. निशांत खरे, की गरिमामयी उपस्थिति रही। कार्यक्रम का कुशल संचालन डॉ. पियूषा शर्मा द्वारा एवं आभार प्रदर्शन डॉ. डी. पी. कुशवाहा द्वारा किया गया। सभी वक्ताओं के प्रेरक उद्बोधनों ने छात्रों और उपस्थित जनों में देशभक्ति की भावना को और गहरा कर दिया। कार्यक्रम का समापन भारतीय शहीदों को याद करते हुए 02 मिनट का मौन रखकर किया गया।

# संभाग कमिश्नर ने ली नई ब्राडगेज रेल लाईन की समीक्षा बैठक

### कब्जे की कार्यवाही, अवार्ड पारित करने तथा मुआवजा वितरण की कार्यवाही करने के निर्देश दिए

**पन्ना।** संभाग कमिश्नर अनिल सुचारी द्वारा गत दिवस बीना-कटनी-सिंगरौली तीसरी लाईन सहित खजुराहो-पन्ना एवं सतना-पन्ना खण्ड में निर्माणाधीन नई ब्राडगेज रेल लाईन की समीक्षा बैठक ली गई। बैठक में कलेक्टर सागर, पन्ना, छतरपुर, उपायुक्त राजस्व सागर संभाग सागर, मुख्य अभियंता प.म.रे जबलपुर, पुलिस अधीक्षक पन्ना, अनुविभागीय अधिकारी राजनगर, छतरपुर, अजयगढ़, पन्ना, भू-अर्जन अधिकारी सागर, उप मुख्य अभियंता प.म.रेल भोपाल, उप मुख्य अभियंता प.म.रेल खजुराहो, उप मुख्य अभियंता प.म. रेल पन्ना, सतना, सहायक अभियंता, प.म.रेल सागर उपस्थित रहे। बैठक में कलेक्टर सागर एवं भू-अर्जन अधिकारी सागर को सागर जिले के ग्राम रगोली, मूडरा जरूवाखेड़ा एवं ईशुरवारा अंतर्गत कब्जे की कार्यवाही तथा पुनरीक्षण की कार्यवाही करने, कलेक्टर छतरपुर को जिला छतरपुर के राजनगर अंतर्गत ग्राम टिकुरी में अवार्ड पारित करने तथा शेष चिन्हित ग्रामों में धारा-11 तथा धारा-19 के तहत कार्यवाही करने,



नक्शों पर रेलवे की भूमि का चिन्हांकन करने, रेलवे की भूमियों का नामांतरण करने, कलेक्टर पन्ना को जिला पन्ना के ग्राम डुगराहो, सिन्हाई, बड़ी रूंझ, सब्दुआ, बड़ागांव, सिमरीवैश्य, जमुनहाई, पिपरिया, चौपरा में अवार्ड पारित करने तथा शेष चिन्हित ग्रामों में धारा-11 तथा धारा-19 के तहत कार्यवाही करने, नक्शों पर रेलवे की भूमि का चिन्हांकन करने, रेलवे की भूमियों का नामांतरण करने तथा मुआवजा वितरण की कार्यवाहियां समय-सीमा में पूर्ण करने के निर्देश दिए गए। कमिश्नर संभाग सागर द्वारा प्रधानमंत्री की महत्वाकांक्षीय परियोजना को समय-सीमा में पूर्ण करने हेतु रेलवे विभाग के अधिकारियों को संबंधित जिले के कलेक्टर के साथ टीएल बैठकों में चर्चा कर आपसी सामंजस्य से समय सीमा में कार्यवाहियां पूर्ण करने के निर्देश दिये गये। साथ ही जिला कलेक्टर्स को निर्देशित किया गया कि जिलों में मुआवजा मिलने के उपरांत भी जिन ग्रामों की भूमिधारकों द्वारा कब्जा नहीं दिया जा रहा है, उनके विरूद्ध कार्यवाही करें। कमिश्नर, सागर संभाग सागर द्वारा निर्देशित किया गया उक्त परियोजना की समीक्षा प्रतिमाह की जाएगी। इसलिए परियोजना अंतर्गत लंबित कार्यवाहियां निर्धारित समय-सीमा में पूर्ण कर बैठक के एजेंडा अनुसार पालन प्रतिवेदन आगामी बैठक में प्रस्तुत किया जाए।

### सहकारिता समिति के कर्मचारियों ने काली पट्टी बांधकर जताया विरोध, 11 दिवसीय सांकेतिक आंदोलन शुरू

**पन्ना।** सहकारिता समिति के कर्मचारियों ने अपनी लंबित माँगों और समस्याओं के निराकरण की माँग को लेकर काली पट्टी बांधकर विरोध प्रदर्शन शुरू किया है।कर्मचारियों ने हाथों पर काली पट्टी बाँधकर अपने-अपने कार्यस्थलों पर नियमित रूप से कार्य करते हुए प्रशासन और शासन के खिलाफ सांकेतिक विरोध दर्ज कराया। यह विरोध प्रदर्शन आगामी 11 दिनों तक जारी रहेगा, जिसके



तहत सभी कर्मचारी काम के साथ-साथ विरोध भी जारी रखेंगे। कर्मचारियों का कहना है कि सरकार द्वारा उनकी मांगों की अनदेखी की जा रही है, जिससे वे लंबे समय से असंतुष्ट हैं। उन्होंने चेतावनी दी है कि यदि शीघ्र उचित कार्रवाई नहीं की गई, तो आंदोलन को उग्र रूप देने पर भी विचार किया जा सकता है। कर्मचारी संगठनों ने प्रशासन से शीघ्र हस्तक्षेप कर समस्याओं के समाधान की माँग की है।

### भारी बारिश होने के चलते अमानगंज तहसील क्षेत्र में किसान नहीं कर पाया अपनी खरीफ की खेती



**अमानगंज।** मौसम में हुए व्यापक परिवर्तन के बाद मध्य प्रदेश के पन्ना जिला अंतर्गत अमानगंज तहसील क्षेत्र में हुई भारी बारिश के चलते इस वर्ष किसान अपनी खरीफ की फसल नहीं बो सका जिसको लेकर वह मैदान में आ चुका है, हालांकि कुछ स्थान पर किसानों ने धान की खेती की है, लेकिन 95 प्रतिशत किसान पूरी तरह से घाटे में देखा जा रहा है और बार-बार राज्य शासन की ओर अपनी नजरें लगाये बैठा है, मौसम में हुए परिवर्तन को लेकर किसान ने कहा है कि हमें जो घाटा ईश्वर ने दिया है, उसकी भरपाई राज्य सरकार कुछ हद तक करे, क्योंकि राज्य सरकार हम सब का सहयोग हर स्तर पर लेती है, तो ऐसी विकट परिस्थितियों में हमें भी प्रदेश सरकार के मुखिया का सहयोग अपेक्षित है, क्योंकि हमारे भी परिवार और बच्चे मैदान में है। हमें भी खरीफ की फसल के लिए कई लोगों से उठाए हुए कर्ज को वापस करना पड़ता है। ज्ञात हो कि किसान को जब खाद बीज की आवश्यकता होती है तो वह भी कई गुना महंगे दामों में उन्हें व्यापारियों से दूर-दूर से लाना होता है और उसके लिए उन्हें कर्ज भी लेना पड़ता है किसानों ने खरीफ की फसल की बोनी के लिए पहले से तैयारी करके बीज और खाद लेकर रख लिए थे, लेकिन बरसात ऐसी हुई कि बारिश के बीच में जुताई- बुवाई के लिए किसानों को समय ही नहीं मिला। जिस वजह से वह बोनी तो दूर खेतों की जुताई भी नहीं कर सका और अब किसान हाथ पर हाथ रखे बैठा है और कर्जदारों की रकम चुकाने को लेकर उसके माथे पर गंभीर चिंता की लकीरें दिखाई दे रही है। हालांकि कृषि विभाग बीज वितरण के आधार पर फसलों की बुवाई का एक बड़े रकवे का आंकड़ा विभागीय तौर पर बनाये हुए हैं लेकिन धरातल पर वास्तविकता कुछ और ही है। जिसे शासन प्रशासन को खेतों में जाकर जांच कर भौतिक सत्यापन करना होगा और किसानों को यथा उचित शीघ्र मुआवजा दिलाना होगा।

## खबर संक्षेप

### 12 वर्षीय नाबालिग से अधेड़ ने किया दुष्कर्म, आरोपी गिरफ्तार

**पैसे का लालच देकर घर में बुलाया, पास्को एक्ट के तहत मामला दर्ज**

**बिजावर।** पिपट थाना क्षेत्र में एक 12 वर्षीय नाबालिग बच्ची के साथ दुष्कर्म का सनसनीखेज मामला सामने आया है। पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए आरोपी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। बताया गया है कि आरोपी ने बच्ची को पैसे देने का लालच देकर उक्त घृणित घटना को अंजाम दिया है। प्राप्त जानकारी के मुताबिक पिपट निवासी 50 वर्षीय व्यक्ति ने अपने ही मोहल्ले की 12 साल की नाबालिग बच्ची को पैसे देने का लालच देकर अपने घर बुलाया और इसके बाद दुष्कर्म की घटना को अंजाम दे डाला। बच्ची ने जब घर पहुंचकर परिजनों को आपबीती सुनाई तो परिजन फौरन उसे साथ लेकर पिपट थाने पहुंचे। थाना प्रभारी राहुल तिवारी ने वरिष्ठ अधिकारियों को मामले की सूचना दी और एक महिला पुलिस अधिकारी से जांच कराई। जांच के बाद आरोपी के खिलाफ पास्को एक्ट और दुराचार की सुसंगत धाराओं में मामला दर्ज किया गया, साथ ही आरोपी को भी गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया है। एसडीओपी बिजावर अजय रिठोरिया ने बताया कि मामले की गहन विवेचना की जा रही है, आरोपी पर सख्त से सख्त कार्रवाई होगी।

### सागर-कानपुर हाईवे पर भीषण सड़क हादसा, एक की मौत, तीन घायल



**छतरपुर।** सागर-कानपुर हाईवे पर ग्राम ढड़ारी के पास बीती रात हुए एक भीषण सड़क हादसे में एक व्यक्ति की मौत हो गई, जबकि तीन अन्य घायल हो गए। घायलों को अस्पताल में भर्ती कराया गया है वहीं पुलिस ने दुर्घटनाग्रस्त वाहन को जब्त कर मामले की जांच शुरू कर दी है।बताया गया है कि छतरपुर के सिविल लाइन थाना क्षेत्र अंतर्गत ढड़ारी गांव के पास बीती रात करीब 12 बजे एक वाहन में सवार चार लोगों के साथ हादसा हुआ। गाड़ी में सवार ग्राम विजयपुर निवासी महेश यादव की मौके पर ही मौत हो गई। जबकि ग्राम भरतोली निवासी सुरेश यादव की हालत गंभीर होने के कारण उन्हें झांसी मेडिकल कॉलेज रेफर किया गया। अन्य दो घायल, भानु यादव विजयपुर और भज्जू यादव सरगुवां को जिला अस्पताल छतरपुर में भर्ती कराया गया, जहां उनका इलाज चल रहा है। पुलिस ने शव का पंचनामा बनाकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा और हादसे के कारणों की जांच शुरू की।

### कुर्मी क्षत्रिय समाज के प्रदेश मीडिया प्रभारी बने रामकिशोर



**छतरपुर।** अखिल भारतीय कुर्मी क्षत्रिय समाज ने मध्य प्रदेश में संगठन को मजबूत करने के लिए अपनी प्रदेश कार्यकारिणी का विस्तार किया है। इस क्रम में छतरपुर के एक युवा रामकिशोर पटेल को उनकी सक्रियता और लोकप्रियता के आधार पर महत्वपूर्ण दायित्व सौंपा गया है। गौरतलब है कि रामकिशोर पटेल को उनकी कम उम्र में मिली लोकप्रियता और कार्यशैली को देखते हुए मध्य प्रदेश कुर्मी क्षत्रिय समाज का प्रदेश मीडिया प्रभारी नियुक्त किया गया है। यह जिम्मेदारी संगठन में एक बड़ी भूमिका के रूप में देखी जा रही है। पदभार ग्रहण करते हुए रामकिशोर पटेल ने राष्ट्रीय अध्यक्ष बीएस निरंजन, प्रदेश अध्यक्ष रामखेलावन पटेल, महासचिव जीएल पटेल, प्रदेश उपाध्यक्ष डॉ. घासीराम पटेल, प्रेरणास्रोत डॉ. रामकृष्ण कुसमरिया, महिला प्रदेशाध्यक्ष डॉ. लता वानखेडे और युवा प्रदेशाध्यक्ष कुर्मी तेज कुमार गौर के प्रति आभार व्यक्त किया। उन्होंने संगठन के प्रति अपनी प्रतिबद्धता दोहराते हुए समाज की मजबूती के लिए कार्य करने का संकल्प लिया।

## सड़क के लिए परेशान ग्रामीणों ने लगाए मंत्री मुर्दाबाद के नारे

# महिलाओं ने ढोल-मंजीरे बजाकर की नारेबाजी







**छतरपुर।** जिले की चंदला विधानसभा क्षेत्र में सड़क और बुनियादी सुविधाओं की कमी को लेकर ग्रामीणों का गुस्सा फूट पड़ा है। बीते रोज ग्रामीणों ने क्षेत्रीय विधायक और मध्य प्रदेश सरकार के वन एवं पर्यावरण राज्य मंत्री के खिलाफ ढोल-मंजीरे बजाकर विरोध प्रदर्शन किया। इतना ही नहीं कुछ महिलाओं ने मंत्री मुर्दाबाद के नारे भी लगाए।

उल्लेखनीय है कि जिले की चंदला विधानसभा को मध्य प्रदेश-उत्तर प्रदेश सीमा पर स्थित पिछड़ा क्षेत्र माना जाता है। यहीं की ग्राम पंचायत पांडेपुरवा के गोरा पुरवा के निवासियों ने सड़क न होने की समस्या को लेकर प्रदर्शन किया। ग्रामीण महिला ने बताया कि बछौन से गोरा पुरवा तक सड़क नहीं है, जिसके कारण स्कूल जाने वाले बच्चों और एंबुलेंस जैसी आपात सेवाओं को भारी परेशानी हो रही है। 2021 से लगातार मांग के बावजूद कोई समाधान नहीं हुआ, सिर्फ आश्वासन मिले। ग्रामीणों ने कई बार छतरपुर कलेक्टर और विधायक से शिकायत की, लेकिन स्थिति जस की तस रही। गोरापुरवा की एक महिला ने कहा कि सात पीढ़ियों से सड़क की मांग कर रहे हैं, लेकिन सरकार और प्रशासन ने अब तक कोई ठोस कदम नहीं उठाया। भारी बारिश के कारण कीचड़ बढने से परेशानी और गहरी हो गई है। वहीं इस संबंध में एसडीएम लवकुशनगर राकेश शुक्ला ने बताया कि भारी बारिश के कारण कीचड़ की समस्या बढ़ी है, जिससे लोग आक्रोशित हैं। उन्होंने दावा किया कि मंत्री के खिलाफ नारेबाजी नहीं हुई और जल्द ही समस्या का समाधान कराया जाएगा।

### पंचम नगर के ग्रामीणों ने भी रोका मंत्री का काफिला

शनिवार को भी चंदला विधानसभा के बछौन क्षेत्र में ग्रामीणों ने बारिश के बीच राज्य मंत्री और क्षेत्रीय विधायक के काफिले को रोककर अपनी समस्याएं गिनाईं। बताया गया है कि पंचम नगर के ग्रामीणों ने वन एवं पर्यावरण राज्य मंत्री और चंदला विधायक दिलीप अहिरवार के काफिले को रोककर तीन प्रमुख समस्याएं उठाईं। पहली, इस वर्ष अत्यधिक बारिश और सिंहपुर डैम से पानी छोड़े जाने के कारण उर्मिल नदी के किनारे खेतों में बालू जमा हो गई है, जिससे खेती प्रभावित हो रही है। ग्रामीणों ने खनिज विभाग से बालू हटाने की स्वीकृति या शासन द्वारा इसे हटवाने की मांग की। दूसरी, गांव में बिजली की गंभीर समस्या है, जहां बार-बार केबल जलने और हफ्तों तक बिजली गायब रहने से जनजीवन अस्त-व्यस्त है। तीसरी, पंचम नगर में सामुदायिक भवन न होने के कारण मांगलिक कार्यों में दिक्कत हो रही है, जिसके लिए भवन निर्माण की मांग की गई। मंत्री दिलीप अहिरवार ने ग्रामीणों की बात सुनी और सभी समस्याओं के समाधान के लिए एक सप्ताह का समय मांगा।

# नाले में बाइक के नीचे दबा मिला युवक का शव, फैली सनसनी

**संदिग्ध हालत में मजदूर की मौत, हत्या या हादसा, जांच कर रही पुलिस**



**छतरपुर।** कोतवाली थाना क्षेत्र में शहर के नारायणपुरा रोड पर एक नाले में बाइक के नीचे दबा युवक का शव मिलने से सनसनी फैल गई। मृतक बीती शाम से लापता था। फिलहाल पुलिस शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजकर यह पता लगाने का प्रयास कर रही है कि यह मामला हत्या का है या फिर दुर्घटना। जानकारी के मुताबिक गुलगंज थाना क्षेत्र के बौंकना गांव के रहने वाले हीरालाल कुशवाहा का शव नारायणपुरा रोड पर नाले में बाइक के नीचे दबा मिला है। वह बगौता गांव में किराए के मकान में रहता था और मजदूरी करके परिवार का भरण-पोषण करता था। बीती शाम से लापता होने के बाद परिजन परेशान थे, और शव मिलने के बाद उसके परिवार में मातम छा गया है। जांच अधिकारी राजीव तिवारी ने बताया कि शव का पंचनामा बनाकर पोस्टमार्टम के लिए जिला अस्पताल भेजा गया है। प्रारंभिक जांच में यह स्पष्ट नहीं है कि यह हादसा है या हत्या। मृतक के परिजन अशोक कुशवाहा ने बताया कि हीरा लाल मेहनती था और परिवार का एकमात्र सहारा था। फिलहाल कोतवाली पुलिस सभी संभावनाओं की जांच कर रही है, जिसमें साजिश के पहलू भी शामिल है।

## जमीनी विवाद में वृद्ध की पीट-पीटकर हत्या

# शौच के लिए गए बुजुर्ग पर हुआ हमला, पुलिस जांच में जुटी



**छतरपुर।** शहर के ओरछा रोड थाना क्षेत्र में एक वृद्ध की जमीनी विवाद के चलते पीट-पीटकर हत्या किए जाने का मामला सामने आया है। मृतक के परिवार ने पुराने विवाद को लेकर हत्या किए जाने का आरोप लगाया है, वहीं पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजकर जांच शुरू की है।

प्राप्त जानकारी के मुताबिक ग्राम ढिलापुर में सुबह करीब साढ़े 7 बजे रामकिशन अहिरवार उम्र 70 वर्ष शौच के लिए खेत की ओर जा रहे थे, तभी गंगाराम अहिरवार और गोविंदी अहिरवार ने उनके साथ मारपीट कर दी। परिवार का कहना है कि यह हमला खेत की जमीन पर बने आवास के पुराने विवाद के चलते हुआ। रामकिशन के चिल्लाने की आवाज सुनकर उनका बेटा अनंतराम अहिरवार बचाने दौड़ा, लेकिन तब तक हमलावर उन्हें घायल अवस्था में छोड़कर भाग चुके थे। कुछ देर बाद रामकिशन ने दम तोड़ दिया। परिजन महादेव अहिरवार ने बताया कि वृद्ध के साथ बेरहमी से मारपीट की गई, जिससे उनकी मौत हुई है। पुलिस ने शव को जिला अस्पताल भेजकर पोस्टमार्टम करवाया और मामले की गहन जांच शुरू की है।

# वृद्ध का खून से लथपथ शव मिलने से फैली सनसनी

**सब्बल से हमले के निशान, पुलिस ने शुरू की जांच**



**छतरपुर।** जिले के जुझारनगर थाना क्षेत्र में एक वृद्ध का खून से लथपथ हालत में शव मिलने से गांव में सनसनी फैल गई। चूंकि मृतक के शरीर पर सब्बल से हमला किए जाने के निशान और शव के पास खून से सनी सब्बल मिली है इसलिए प्रथम दृष्टया यह मामला हत्या का प्रतीत हो रहा है। पुलिस ने घटना स्थल से साक्ष्य एकत्रित कर मामले की जांच शुरू कर दी है।

प्राप्त जानकारी के मुताबिक दिदवारा गांव में बड़ी बंधी के पास शनिवार की सुबह 70 वर्षीय रामआसरे उर्फ रमसा पुत्र सुम्मेरा प्रजापति का शव सुबह खून से लथपथ मिला। मृतक के शरीर पर चोटों के गंभीर निशान थे, जिसके चलते परिजनों ने हत्या का शक जताया। जुझारनगर पुलिस ने तत्काल मौके पर पहुंचकर शव को कब्जे में लिया। एफएसएल अधिकारी और क्राइम सीन यूनिट प्रभारी डॉ. प्रदीप यादव ने डॉग स्क्वाड और फिंगरप्रिंट टीम के साथ घटनास्थल का निरीक्षण कर साक्ष्य एकत्र किए। लवकुशनगर एसडीओपी नवीन दुबे ने बताया कि मृतक रात करीब 9 बजे घर से खेत की ओर गया था। संभवतः किसी ने रास्ते में घात लगाकर सब्बल जैसी लोहे की रॉड से हमला किया। मृतक के दोनों हाथ और पैरों पर चोट के निशान हैं, और घटनास्थल से एक लोहे की रॉड बरामद हुई है। मामला हत्या का प्रतीत हो रहा है, और पुलिस सभी पहलुओं की गहन जांच कर रही है।

## एसपी के पास पहुंचा पीड़ित परिवार, पुलिस पर भी लगाए आरोप

# आरोपी पक्ष ने कहा- शराब के नशे में गाली-गलौज करने पर बढ़ा विवाद



**छतरपुर।** नौगांव थाना क्षेत्र ग्राम मऊसहानियां में बीती शाम दो पक्षों के बीच किसी बात को लेकर विवाद हो गया और विवाद इतना बढ़ा कि एक पक्ष के करीब आधा दर्जन लोगों ने एक युवक के साथ जमकर मारपीट कर दी। इस मामले में दोनों पक्षों ने अलग-अलग कारण बताए हैं। एक पक्ष ने इसे जमीनी पर कब्जा करने का मामला बताया है, जबकि दूसरे पक्ष ने कहा है कि युवक शराब के नशे में गाली-गलौज कर रहा था, जिसके बाद बात बढ़ गई और मारपीट हुई। शनिवार को पुलिस अधीक्षक कार्यालय पहुंचे पीड़ित पक्ष ने नौगांव पुलिस पर भी उचित कार्रवाई न करने के आरोप लगाए हैं।

ग्राम मऊसहानियां निवासी सीताराम कुशवाहा ने पुलिस अधीक्षक कार्यालय में आरोप लगाते हुए बताया कि गांव की हल्की बाई साहू, उसके पुत्र कैलाश, दीपक उर्फ भूरे एवं गोलू साहू, संजीव विश्वकर्मा और जाफिर खान उसकी जमीन हड़पना चाहते हैं। बीते रोज उक्त लोगों ने दबाव बनाने के लिए पहले उसका रास्ता रोककर मारपीट की और इसके बाद पांच घंटे तक घर में बंधक बनाकर पीटा। सीताराम की बहन कुंवर कुशवाहा ने कहा कि घटना के दौरान पुलिस को सूचना दी गई थी, लेकिन कोई मदद नहीं पहुंची। आरोपियों ने सीताराम की स्कूटी, पैसे और सोने की जंजीर भी छीन ली। उन्होंने दावा किया कि नौगांव पुलिस ने उनकी शिकायत के अनुसार रिपोर्ट दर्ज नहीं की और आरोपी अब भी गांव में खुलेआम धमकी दे रहे हैं। सीताराम और उसकी बहन कुंवर कुशवाहा ने पुलिस अधीक्षक कार्यालय में आवेदन देकर न्याय की गुहार लगाई है। वहां, आरोपी पक्ष की ओर से साहू परिवार ने दावा किया है कि उनका सीताराम से कोई जमीनी विवाद नहीं है। उनके अनुसार, सीताराम शराब के नशे में पूरे परिवार को गालियां दे रहा था, जिस पर उसे रोका गया लेकिन जब वह नहीं माना तो विवाद बढ़ गया और दोनों पक्षों के बीच मारपीट हुई, जिसमें सीताराम ने भी उन पर हमला किया।

**इनका कहना है -**

ग्राम मऊसहानियां में मारपीट के मामले में नौगांव थाना में प्रकरण दर्ज किया गया है। जांच चल रही है और तथ्यों के आधार पर उचित कार्रवाई की जाएगी।

**अरुण कुमार सोनी, सीएसपी, छतरपुर**

# बारिश से खराब हुआ रास्ता, ग्रामीणों की बढ़ी मुश्किलें

## सड़क निर्माण की मांग लेकर विधायक के पास पहुंचे ग्रामीण



**नौगांव।** नगर से करीब तीन किलोमीटर दूर स्थित तिंदनी गांव के ग्रामीण इन दिनों बारिश के कारण खराब हुए रास्ते से परेशान हैं। इस रास्ते की खराबी के चलते बच्चों का स्कूल जाना मुश्किल हो गया है, और आने-जाने में भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। ग्रामीणों ने क्षेत्रीय विधायक से सड़क निर्माण की मांग की है। प्राप्त जानकारी के अनुसार नौगांव जनपद के ग्राम तिंदनी में सीलप नदी के पुल से मऊसहानियां जाने वाले रास्ते के पास 30-40 परिवार रहते हैं। बारिश के कारण घरों तक जाने वाला रास्ता पूरी तरह खराब हो गया है, जिससे ग्रामीणों का गांव से बाहर निकलना मुश्किल हो गया है। बच्चों के स्कूल जाने और बीमारी के समय मरीजों को अस्पताल ले जाने में भारी परेशानी हो रही है। प्रभावित परिवारों ने क्षेत्रीय विधायक कामाख्या प्रताप सिंह से मुलाकात कर सड़क निर्माण की गुहार लगाई। ग्रामीणों ने बताया कि सड़क बनने से उनकी रोजमर्रा की जिंदगी आसान हो जाएगी। विधायक कामाख्या प्रताप सिंह ने उनकी समस्या को गंभीरता से लेते हुए विभागीय जांच कराकर शीघ्र सड़क निर्माण शुरू करने का आश्वासन दिया।

# मकान में तोडफ़ोड़ और मारपीट के आरोप

**पीड़ित ने थाने में की शिकायत, जांच शुरू**



**नौगांव।** थाना क्षेत्र के एक गांव में मकान निर्माण को लेकर मारपीट, तोडफ़ोड़ और जान से मारने की धमकी का मामला सामने आया है। पीड़ित ने आरोपियों की गुंडागर्दी का वीडियो वायरल होने का दावा किया है और पुलिस से न्याय की गुहार लगाई है। ग्राम श्यामाझोर निवासी बाबू उर्फ भागचंद कुशवाहा ने बताया कि गांव के ही राकेश कुशवाहा, रामदास कुशवाहा और कल्लू कुशवाहा ने उनके निर्माणाधीन मकान में घुसकर तोडफ़ोड़, मारपीट की है और जान से मारने की धमकी दी। आरोपियों ने मकान निर्माण बंद करने और गांव छोड़कर चले जाने की चेतावनी दी। भागचंद के मुताबिक इस घटना का वीडियो भी उसके पास है, जिसमें आरोपियों की गुंडागर्दी स्पष्ट दिख रही है। बाबू कुशवाहा ने कहा कि बारिश के मौसम में उनका परिवार मकान में नहीं रह पा रहा है, क्योंकि निर्माणाधीन मकान को क्षतिग्रस्त कर दिया गया। उसने नौगांव थाने में शिकायत की, जिस पर पुलिस ने जांच शुरू करते हुए शीघ्र कार्रवाई का आश्वासन दिया।




# एक पेड़ मां के अभियान के तहत हुआ वृक्षारोपण, चला स्वच्छता अभियान

**स्टेडियम में समाजसेवियों ने कचरा-मुक्त शहर के लिए किया श्रमदान**

**नौगांव।** पर्यावरण संरक्षण और स्वच्छता को बढ़ावा देने के लिए एक पेड़ मां के अभियान के तहत शनिवार को नगर में वृक्षारोपण और सफाई कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस दौरान ग्रामीणों से हरित और स्वच्छ शहर बनाने की अपील की गई, जिसमें विधायक और नगर पालिका अध्यक्ष ने सक्रिय भागीदारी निभाई।

राजा यादवेंद्र सिंह स्टेडियम में आयोजित वृक्षारोपण कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में महाराजपुर विधायक कामाख्या प्रताप सिंह मौजूद रहे। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के नेतृत्व में शुरू किए गए अभियान का उद्देश्य हरित और स्वस्थ पर्यावरण बनाना है। महाराजपुर विधानसभा के गांवों और शहरों में लगातार वृक्षारोपण हो रहा है, और सभी से एक पेड़ लगाने की अपील की गई। उन्होंने कचरे को डस्टबिन में डालने और शहर को साफ रखने का भी आह्वान किया। नगर पालिका अध्यक्ष अनूप तिवारी ने कहा कि स्वच्छ और सुंदर नौगांव बनाने की मुहिम शुरू हो चुकी है, जिसमें हर नागरिक से सहयोग और पेड़ लगाने की अपील की गई। वहीं दूसरी ओर सुबह के वक्त नगर पालिका परिषद नौगांव, नागरिकों और समाजसेवियों ने स्वच्छ भारत अभियान के तहत स्टेडियम के सामने सड़क के दोनों ओर सफाई अभियान चलाया। मुख्य नगर पालिका अधिकारी आर.एस. अवस्थी, नगर पालिका इंजीनियर आलोक जायसवाल, पार्षद श्रीराम यादव, जितेंद्र यादव और पूर्व पार्षद भारतीय साहू ने इस अभियान में हिस्सा लिया। समाजसेवी शिल्पी राय और संतोष गंगेले ने पॉलीथिन कचरा और खरपतवार हटाकर कार्यक्रम शुरू किया। स्वच्छ भारत अभियान के ब्रांड एम्बेसडर डी.डी. तिवारी, पूर्व एसडीएम के.एल. अहिरवार, पूर्व प्राचार्य डॉ. एल.एन. रावत, व्यापारी संघ के नीलेंद्र अग्रवाल, राहुल सक्सेना, बजेश सोनकिया, विश्वजीत सिंह चौहान, जितेंद्र अहिरवार, राजकुमार मिश्रा, कैलाश रिछारिया, प्रेमचंद्र मिश्रा, संतोष तिवारी, अखंड प्रताप राय, बिहारी कुशवाहा, हरिश्चंद्र तिवारी, अखलेंद्र रावत, मंगल सिंह, समीर मंसूरी, हेमंत रिछारिया, पारस प्रभात, रज्जन खान, सोमू सक्सेना, अशोक रैकवार और सुनील रैकवार ने श्रमदान कर एक ट्राली कचरा एकत्रित किया, जिसे कचरा प्रसंस्करण केंद्र भेजा गया।

# नर्मदेश्वर महाकाल मंदिर में हुआ जलाभिषेक और भंडारा



**हरपालपुर।** नगर के नर्मदेश्वर महाकाल मंदिर में जलाभिषेक, रुद्राभिषेक और भव्य भंडारे का आयोजन किया गया। इस धार्मिक कार्यक्रम में सैकड़ों शिव भक्तों ने हिस्सा लिया, जिससे पूरा नगर भक्तिमय हो गया। श्रावण मास का धार्मिक महत्व बताते हुए पौराणिक मान्यता है कि माता पार्वती ने भगवान शिव को पाने के लिए इस महीने में कठोर तपस्या की थी, और शिवजी ने उन्हें पत्नी रूप में स्वीकार किया। इसलिए सावन में जलाभिषेक, बेलपत्र, धतूरा, भांग, शमी और आक के फूल अर्पित करना शुभ माना जाता है। सावन सोमवार का व्रत रखने से सुख, शांति और समृद्धि प्राप्त होती है। वार्ड क्रमांक 2, लहचूरा रोड पर स्थित नर्मदेश्वर महाकाल मंदिर में शिव भक्तों ने ? नमः शिवाय महामंत्र का जाप करते हुए जलाभिषेक और रुद्राभिषेक किया। बेलपत्र, पुष्प, मिष्ठान और विभिन्न पकवानों को भोलेनाथ के चरणों में अर्पित किया गया। वैदिक मंत्रों के बीच महिलाओं ने शिवजी का अनोखा श्रृंगार किया और कन्या पूजन के साथ भंडारे का आयोजन हुआ। भंडारे में पूड़ी, सब्जी और बूंदी का प्रसाद वितरित किया गया, जिसे पाकर भक्तों ने महादेव का आशीर्वाद प्राप्त किया। युवाओं की पहल से आयोजित इस कार्यक्रम में समस्त वार्डवासियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया।

# विश्वविद्यालय की सहायक प्राध्यापक भर्ती प्रक्रिया स्थगित

**शासन के निर्देश पर तत्काल प्रभाव से लिया गया निर्णय**

**छतरपुर।** महाराजा छत्रसाल बुंदेलखंड विश्वविद्यालय, छतरपुर ने सहायक प्राध्यापक के पदों पर सीधी भर्ती की प्रक्रिया को तत्काल प्रभाव से स्थगित कर दिया है। यह निर्णय मध्य प्रदेश शासन के उच्च शिक्षा विभाग के निर्देशों के आधार पर लिया गया है। उल्लेखनीय है कि विश्वविद्यालय द्वारा 9 जनवरी 2025 को जारी विज्ञापन (क्रमांक 246/प्रशासन/2025) के तहत सहायक प्राध्यापक के पदों पर भर्ती प्रक्रिया शुरू की गई थी लेकिन मध्य प्रदेश शासन, उच्च शिक्षा विभाग, मंत्रालय भोपाल के पत्र (क्रमांक 3283133/2025/38-3, दिनांक 25.07.2025) के निर्देशों का पालन करते हुए विश्वविद्यालय ने 26 जुलाई 2025 को आदेश जारी कर इस प्रक्रिया को आगामी आदेश तक स्थगित कर दिया। कुलसचिव द्वारा हस्ताक्षरित इस आदेश में स्पष्ट किया गया है कि यह निर्णय तत्काल प्रभाव से लागू होगा।

# कारगिल विजय दिवस पर शहीदों को श्रद्धांजलि



**महाराजपुर।** शासकीय छत्रसाल महाराजा महाविद्यालय, महाराजपुर में कारगिल विजय दिवस धूमधाम से मनाया गया। इस अवसर पर राष्ट्रीय सेवा योजना और महाविद्यालय स्टाफ ने मिलकर अमर शहीदों को श्रद्धांजलि अर्पित की और देशभक्ति पर विचार व्यक्त किए। कार्यक्रम में छात्र-छात्राओं और प्राध्यापकों ने कारगिल युद्ध के शहीदों को याद करते हुए अपने विचार साझा किए। डॉ. अर्गल, डॉ. केश कांति चौरसिया, डॉ. केसर अहिरवार, डॉ. अंजनी बादल, डॉ. यशोदा सिंह और डॉ. चंद्रभान सिंह चंदेल ने शहीदों के बलिदान पर प्रकाश डाला। कार्यक्रम का संचालन डॉ. चंद्रभान सिंह चंदेल ने किया। प्राचार्य प्रो. शिव शंकर अहिरवार ने अमर शहीदों को श्रद्धा सुमन अर्पित किए और छात्रों को देशहित में कार्य करने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने सभी का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि ऐसे आयोजन युवाओं में देशभक्ति की भावना को मजबूत करते हैं।

**चोरहटा थाने में हंगामा राजनीतिक रंजिश में किया माहौल गरम**

# सेमरिया विधायक पर युवक से बेरहमी से मारपीट का आरोप

## पूर्व विधायक ने महिला पुलिस अधिकारी को कहा असंवेदनशील औरत हाईबोल्टेज ड्रामा के बाद मारपीट के आरोप में नामजद सेमरिया विधायक अभय मिश्रा व गनमैन सहित पांच पर एफआइआर दर्ज

रीवा।





जिले के सेमरिया विधायक अभय मिश्रा के खिलाफ अपने ही कर्मचारी के साथ मारपीट किए जाने का आरोप लगा है। शुक्रवार को चोरहटा थाना में पूरी घटना को लेकर पूर्व सेमरिया विधायक के पी त्रिपाठी सहित उनके समर्थकों ने जमकर हंगामा किया। देर शाम तक पूर्व विधायक सहित उनके समर्थक धरना पर बैठे रहे। हालांकि पुलिस ने घटना की शिकायत के बाद सेमरिया विधायक अभय मिश्रा सहित अशोक तिवारी व अन्य के खिलाफ मारपीट की धाराओं के तहत एफआइआर दर्ज कर ली है। जिस युवक के साथ मारपीट का विधायक के ऊपर आरोप लगा है उसके खिलाफ सिविल लाइन थाना में एक युवक ने मारपीट कर दांत से उंगली काटने की शिकायत दर्ज करवाई थी। जिसके बाद शुक्रवार को यह मामला तूल पकड़ लिया।

**सेमरिया के पूर्व विधायक केपी त्रिपाठी सेमरिया विधायक अभय मिश्रा के खिलाफ किडनैपिंग व हत्या के प्रयास की धाराओं के तहत मामला पंजीबद्ध करने की मांग को लेकर अड़े रहे। वो अपने समर्थकों के साथ धरना प्रदर्शन करते रहे।**

इस बीच सीएसपी ऋतु उपाध्याय और थाना प्रभारी चोरहटा आशीष मिश्रा से पूर्व विधायक सहित उनके समर्थकों तीखी नोकझोंक हुई। बवाल को देखते हुए थाने में भारी पुलिस बल तैनात कर दिया गया है। बता दे ग्राम भलुहा निवासी अभिषेक तिवारी के साथ गुरुवार को विधायक अभय मिश्रा के फार्म हाऊस पर मारपीट हुई थी। युवक ने विधायक और उनके कर्मचारियों पर मारपीट का आरोप लगाया है। मामले को लेकर शुक्रवार दोपहर में बड़ी संख्या में लोग चोरहटा थाने पहुंचे और विधायक के खिलाफ कार्रवाई की मांग करने लगे। इस दौरान पुलिस ने लोगों को समझाईश देकर शांत कराने का प्रयास किया लेकिन वे प्रकरण दर्ज करने की मांग पर अड़े रहे और थाने के बाहर ही धरने पर बैठ गए। बवाल बढ़ता देखकर शहर के दूसरे थानों का बल भी बुला लिया गया। वही बता दे शाम को पूर्व विधायक केपी त्रिपाठी थाने पहुंचे जिसके बाद थाना प्रभारी नगर सीएसपी से तीखी नोकझोंक हुई और काफी देर तक हंगामे की स्थिति बन गई।प्रदर्शनकारी विधायक के खिलाफ कार्रवाई की मांग पर अड़े थे। सुबह से देर रात तक थाना परिषद में गहमागाहेमी का माहौल बना रहा लगातार दस घंटे तक चोरहटा थाने में हंगामा मचा रहा।बॉक्स काम का पैसा मांगने पर मारपीट का आरोपसेमरिया से कांग्रेस विधायक अभय मिश्रा के ऊपर कर्मचारी को बंधक बनाकर मारपीट किए जाने का गंभीर रूप लगाया गया है। आरोप है कि 3 महीने से रुकी हुई सैलरी मांगने पर विधायक आग़ बबूला हो गए और उसके साथ न सिर्फ मारपीट की गई बल्कि 2 से 3 घंटे तक बंधक बनाकर रखा गया। शुक्रवार को मारपीट में घायल सहित परिजन और ग्रामीण भारी संख्या में शहर के चोरहटा थाना पहुंचे, जहां थाने का घेराव कर विधायक के खिलाफ एफआईआर दर्ज करने सहित कार्यवाही की मांग की। पीड़ित युवक का आरोप है कि विधायक सहित उनके गार्ड ने बेरहमी पूर्वक मारपीट की है, जिससे उससे बैठते व चलते नहीं बन रहा। घटना के संबंध में थाना पहुंचे पीड़ित सहित परिजन और ग्रामीणों ने जानकारी देते हुए बताया कि ग्राम भलुहा निवासी अभिषेक तिवारी उर्फ नितिन बीते 1 साल से सेमरिया से कांग्रेस विधायक अभय मिश्रा के बंगले पर नौकरी कर रहा था। पीड़ित अभिषेक की माने तो बीते तीन माह से उसको सैलरी नहीं मिली थी, ऐसे में आर्थिक तंगी के चलते उसने गुरुवार को सैलरी की मांग की, इस बात से नाराज होकर विधायक ने पहले तो उसके साथ गाली-गलौज कर कई थप्पड़ मारे और फिर उसकी लाठियों से बेदम पिटाई की। पीड़ित युवक की माने तो विधायक का जब मारपीट करने के बाद भी जी नहीं भरा तो उसे एक कमरे में बंधक बनाकर तकरीबन 2 घंटे तक अपने गनमैन सहित ड्राइवर व अन्य कर्मचारियों से भी मारपीट कराई गई।

**खाकी के सामने दिखी खादी भारी थाना में शुरू हुआ हंगामा विकराल रूप धारण करने लगा था। ऐसे में थाना प्रभारी आशीष मिश्रा समेत अन्य पुलिसकर्मियों ने पूर्व विधायक केपी त्रिपाठी के सामने हाथ जोड़ना शुरू कर दिये। इसी बीच सीएसपी रितु उपाध्याय ने भी पूर्व विधायक कप त्रिपाठी को समझने का प्रयास किया किंतु पूर्व विधायक सीएसपी पर हावी हो गए और कहां असंवेदनशील औरत को हटाओ यहां से साथ ही महिला पुलिस अधिकारी पर पूर्व विधायक सहित उनके समर्थक हावी हो गए और थाने पर जबरन घुसने कभी प्रयास किया। वही इसी बीच घंटों तक पुलिसकर्मी हाथ जोड़े उनके सामने खड़े रहे और शांत रहने की मिन्नत करते रहे।**

कर्मचारी के साथ मारपीट कर काट ली थी उंगलीबता दे मामले में दूसरी ओर चोरहटा थाना पहुंचे पीड़ित युवक ने गुरुवार दोपहर विधायक अभय मिश्रा के कर्मचारी अशोक तिवारी पिता स्व. भगवानदीन तिवारी उम्र 44 वर्ष निवासी नारेन्द्र नगर अमहिया के साथ मारपीट की थी। अशोक दोपहर ढेकहा किसी काम से गए थे जहां आरोपी अभिषेक मिला और शराब पीने को पैसा मांगा। पैसा न देने पर आरोपी ने कर्मचारी के साथ मारपीट की साथ ही इसी बीच उसके दाहिने हाथ की अंगुली अपने दांतों से काट लिया। जिससे वह लहूलुहान हो गया। और अंगुली कट कर अगल हो गई। अंगुली से खून बहने के कारण पुलिस द्वारा उसका मेडिकल जिला अस्पताल में कराया गया था, जिसके बाद अभिषेक तिवारी के खिलाफ सिविल लाइन पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया है।

विधायक बोले राजनीतिक साजिश मैं मौके पर था ही नहीं बता दे मारपीट करने का आरोप सामने आने के बाद सेमरिया विधायक अभय मिश्रा मीडिया के सामने आए कर्मचारी द्वारा लगाए गए मारपीट और बंधक बनाने के आरोपों को सिरे से खारिज करते हुए विधायक ने इसे राजनीतिक साजिश करार दिया है। मीडिया से बात करते हुए मिश्रा ने स्पष्ट किया कि जिस समय कथित घटना घटी, वह स्वयं मौके पर मौजूद नहीं थे। यह पूरी तरह से कर्मचारियों के आपसी विवाद का मामला है, जिसे जानबूझकर राजनीतिक रंग दिया जा रहा है। विधायक के अनुसार, विवाद की शुरुआत तब हुई जब कर्मचारी अभिषेक तिवारी ने कार्यालय के एक अन्य कर्मचारी पर हमला कर दिया, जिसमें उसकी उंगली घायल हो गई। इसके बाद जब अभिषेक के खिलाफ शिकायत दर्ज कराने की बात आई, तो वह विरोधी खेमे के लोगों के संपर्क में आ गया। छोटी सी कहासुनी कुछ राजनीतिक तत्वों द्वारा बढ़ा-चढ़ाकर पेश किया जा रहा है। मुझे बदनाम करने कोशिश की जा रही है। उन्होंने कहा कि मैं खुद कानून का सम्मान करता हूं, और अगर किसी भी तरह की गलती मेरी तरफ से होगी तो उसका उत्तरदायित्व लेने को तैयार हूं, लेकिन झूठे आरोपों को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।

### कांग्रेस ने आईजी को सौंपा ज्ञापन

सेमरिया विधायक पर दर्ज एफआईआर को बताया झूठा, सेमरिया विधायक अभय कुमार मिश्रा के खिलाफ चोरहटा थाना में दर्ज एफआईआर को लेकर शुक्रवार को कांग्रेस पार्टी ने जोरदार विरोध दर्ज कराया। जिला कांग्रेस कमेटी रीवा के ग्रामीण अध्यक्ष इंजी. राजेन्द्र शर्मा और शहर अध्यक्ष लखनलाल खण्डेलवाल के नेतृत्व में सैकड़ों की संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता पुलिस महानिरीक्षक (आईजी) कार्यालय पहुंचे और दो सूत्रीय मांगों का ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में आरोप लगाया गया कि 25 जुलाई को भाजपा नेताओं के दबाव में चोरहटा थाना में विधायक अभय मिश्रा के खिलाफ झूठा आपराधिक प्रकरण दर्ज किया गया, जो न केवल दुर्भाग्यपूर्ण बल्कि अत्यंत निंदनीय भी है। कांग्रेस नेताओं का कहना है कि यह मुकदमा बिना किसी निष्पक्ष जांच के राजनीतिक द्वेषवश पंजीबद्ध किया गया है।इंजी. राजेन्द्र शर्मा ने कहा कि भाजपा के नेताओं ने चोरहटा थाने में महिला पुलिस अधिकारियों और कर्मचारियों के साथ अभद्रता की और शासकीय कार्य में बाधा डाली। इसके बावजूद उनके खिलाफ कोई कानूनी कार्रवाई नहीं की गई, बल्कि कांग्रेस विधायक को निशाना बनाकर झूठा मामला दर्ज किया गया। कांग्रेस की मांग है कि मामले की निष्पक्ष जांच किसी वरिष्ठ और स्वतंत्र अधिकारी से कराई जाए और विधायक पर दर्ज झूठा मुकदमा तत्काल प्रभाव से समाप्त किया जाए। उन्होंने चेतावनी दी कि यदि जल्द ही एफआईआर वापस नहीं ली गई, तो कांग्रेस पार्टी बड़ा आंदोलन करेगी और तब तक संघर्ष जारी रहेगा जब तक विधायक के सम्मान की पुनः स्थापना नहीं हो जाती। ज्ञापन सौंपने वालों में विमलेन्द्र तिवारी, विद्यावती पटेल, शीला त्यागी, गिरीश सिंह, रमाशंकर सिंह पटेल, रवि तिवारी (ग्रामीण संगठन मंत्री), सज्जन पटेल (शहर संगठन मंत्री), वसीम राजा, सत्यनारायण तिवारी, गिरीजेश पाण्डेय, चक्रधर सिंह, हर्षलाल शुक्ला, मोहम्मद रफीक अंसारी, सीमा सिंह, प्रदीप अवस्थी, जितेन्द्र सिंह, बलराम गौतम, नरेन्द्र अग्निहोत्री, शिवेन्द्र प्रताप सिंह, चेतनाथ पटेल, संतोष सोहगौरा, धनेन्द्र सिंह बघेल, अकरम अंसारी, सहफुज खान, अरूण तिवारी 'मुन्नू', पंकज उपाध्याय, मंयकधर द्विवेदी, सुरेश वर्मा, पंकज शास्त्री, विष्णु शुक्ला, लकी तिवारी, विकास सिंह सिकरवार, सुभाष तिवारी, शनि द्विवेदी, वीरेन्द्र शुक्ला, अंशुमान तिवारी, अशोक तिवारी सहित सैकड़ों कांग्रेसजन उपस्थित रहे।

## मुख्यमंत्री का रीवा एयरपोर्ट पहुंचने पर हुआ आत्मीय स्वागत



**रीवा** । मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव सतना जिले के कार्यक्रम में शामिल होने के उपरांत हेलीकॉप्टर द्वारा रीवा एयरपोर्ट पहुंचे। एयरपोर्ट में मुख्यमंत्री का उप मुख्यमंत्री राजेंद्र शुक्ल, सांसद जनार्दन मिश्र एवं देवतालाब विधायक गिरीश गौतम सहित अन्य जनप्रतिनिधियों ने स्वागत किया। इससे पूर्व मुख्यमंत्री डॉ. यादव सुबह भोपाल से वायुयान द्वारा रीवा एयरपोर्ट पहुंचे। एयरपोर्ट में मुख्यमंत्री का कमिश्नर रीवा संभाग बीएस जामोद, आईजी गौरव राजपूत, कलेक्टर श्रीमती प्रतिभा पाल एवं पुलिस अधीक्षक विवेक सिंह सहित अन्य प्रशासनिक अधिकारियों ने स्वागत किया। मुख्यमंत्री डॉ. यादव के साथ नगरीय विकास एवं आवास मंत्री कैलाश विजयवर्गीय भी रीवा पहुंचे। रीवा पहुंचने के उपरांत मुख्यमंत्री सतना में आयोजित कार्यक्रमों में शामिल होने के लिए रवाना हो गए।

## जबलपुर से आए कार सवार बदमाशों ने नाबालिग लड़की का किया अपहरण, मैहर से 3 आरोपी गिरफ्तार, अतरैला थाना क्षेत्र के अंतर्गत घटना, जांच में जुटी पुलिस

रीवा ।



जिले के अतरैला थाना क्षेत्र अंतर्गत गुरुवार को एक नाबालिग लड़की के अपहरण की सनसनीखेज वारदात सामने आई। बताया जा रहा है कि दिनदहाड़े तीन युवक लड़की को कार में जबरन बैठाकर फरार हो गए। इस घटना से पूरे इलाके में हड़कंप मच गया। मामले की गंभीरता को देखते हुए पुलिस ने तत्परता दिखाते हुए साइबर सेल की मदद से कुछ ही घंटों में आरोपियों को पकड़ लिया। मिली जानकारी अनुसार अपहृत किशोरी मुस्लिम समुदाय से संबंध रखती है और अपने घर के पास ही मौजूद थी, तभी तीन युवक जबलपुर से कार में आए और अचानक उसे उठाकर ले गए। यह पूरी वारदात परिजन देख रहे थे और उन्होंने आरोपियों का पीछा करने की भी कोशिश की, लेकिन कार की रफ्तार तेज होने के कारण वे दूर निकल गए। घटना की जानकारी मिलते ही सिरमौर एसडीओपी उमेश प्रजापति ने तुरंत एक विशेष टीम गठित की और इलाके की नाकेबंदी कराने के निर्देश दिए। साथ ही साइबर सेल की सहायता से आरोपियों की लोकेशन ट्रेस की गई, जो मैहर के पास मिली। इसके बाद मैहर पुलिस की मदद से अमदरा क्षेत्र में घेराबंदी कर तीनों आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया गया। गिरफ्तार आरोपियों की पहचान मोहम्मद अहमद (22 वर्ष), शहीद खान (21 वर्ष) और मोहम्मद राजू उर्फ महफूज (31 वर्ष) के रूप में हुई है। तीनों आरोपी जबलपुर के हनुमानताल थाना क्षेत्र के निवासी हैं। प्रारंभिक पूछताछ में पता चला है कि पीड़िता पहले जबलपुर में निवास करती थी और वहीं इन युवकों से उसकी जान-पहचान हुई थी। हालांकि, पुलिस अभी यह स्पष्ट करने में जुटी है कि अपहरण के पीछे इनका वास्तविक मकसद क्या था। पुलिस ने तीनों आरोपियों को अतरैला थाने लाकर पूछताछ शुरू कर दी है। वहीं, किशोरी को विधिक प्रक्रिया के तहत न्यायालय में पेश किया गया, जहां उसके बयान दर्ज किए गए हैं। उसके बयान के आधार पर आरोपियों के खिलाफ अपहरण की धाराओं में मामला दर्ज कर लिया गया है। वहीं, रीवा पुलिस अधीक्षक ने मामले को गंभीरता से लेते हुए पूरे घटनाक्रम की गहराई से जांच के निर्देश दिए हैं।

## शराब पिलाकर दिया जहरीला इंजेक्शन, युवक की हत्या का खुलासाः जनेह पुलिस ने 7 माह बाद 2 आरोपियों को किया गिरफ्तार



**रीवा।** जिले के जनेह थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम सरुई मझियारी रेलवे स्टेशन के पास युवक की लाश मिली बीते वर्ष 9 दिसंबर को मिली थी। घटना स्थल के पास से पुलिस को शराब की बोतल सहित नशीली सामग्री मिली थी। मृतक की पत्नी ने पुलिस से बताया था कि उसका रमेश कोल 40 वर्ष निवासी कंधरा थाना बरगढ़ जिला चित्रकूट उ.प्र. 8 दिसंबर की रात एक अज्ञात व्यक्ति के साथ घर से निकला था और वापस नहीं लौटा। जिसके बाद सुबह उसकी लाश मझियारी रेल्वेस्टेशन के पास मिली थी जहां पर शराब की बोतल और बीड़ी के बंडल भी पाए गए थे। जनेह पुलिस ने घटना के बाद मर्ग कायम कर शव का त्योथर में पीएम करवाया जिसमें मृत्यु का स्पष्ट कारण ज्ञात नहीं हो सका एवं अत्यधिक शराब पीने के कारण मृत्यु के होने की संभावना लेख की गई । मर्ग जांच के दौरान मृतक जिस अज्ञात व्यक्ति के साथ घर से निकला था उसकी तलाश जनेह पुलिस ने मृतक के परिजनों एवं आस-पड़ोस के लोगों से मिली जानकारी के बाद शुरू की। जिसके बाद पुलिस आरोपियों तक पहुंच गई। बताया गया कि मृतक युवक प्रकाश मौर्या निवासी पनिहाई सेमरा थाना बरगढ़ व उसका साथी अखिलेश मौर्या निवासी मुर्का थाना बरगढ़ रमेश कोल को पहले तो अत्यधिक शराब को सेवन कराए जिसके बाद नशे की हालत में वह गाली गलौज करने लगा जिससे आरोपियों ने जहरीला इंजेक्शन लगाकर उसकी जान ले ली। थाना प्रभारी जनेह कन्हैया लाल बघेल ने बताया कि आरोपी अखिलेश मौर्या प्रायवेट अस्पतालों में पहले काम किया करता था और उसी इंजेक्शन के डोज के कारण मृतक रमेश आदिवासी पिता श्यामलाल आदिवासी 44 वर्ष निवासी कंधरा थाना बरगढ़ की मौत हुई थी। जिसके बाद पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया है।

## हत्या के आरोपी को पुलिस ने किया गिरफ्तार, डभौरा बस्ती में युवक की हत्या का मामला



रीवा।

जिले के थाना डभौरा अंतर्गत डभौरा बस्ती में हुई युवक आदित्यनाथ पाण्डेय की हत्या के मामले में पुलिस ने दूसरे फरार आरोपी को भी गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस अधीक्षक विवेक कुमार सिंह एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक श्रीमती आरती सिंह के निर्देशन तथा एसडीओपी मऊगंज नारायण सिंह कुमरे के मार्गदर्शन में थाना प्रभारी ऋषभ सिंह बघेल के नेतृत्व में यह कार्रवाई की गई। गिरफ्तार किए गए आरोपी की पहचान सत्यप्रकाश उर्फ बाबूजी वर्मा पिता रामकृष्ण वर्मा उम्र 31 वर्ष निवासी डभौरा बस्ती, थाना डभौरा जिला रीवा के रूप में हुई है। आरोपी को गिरफ्तार कर माननीय न्यायालय में प्रस्तुत किया गया, जहां से उसे न्यायिक अभिरक्षा में भेज दिया गया। घटना दिनांक 16 जुलाई 2025 की रात्रि की है, जब मृतक आदित्यनाथ पांडे डभौरा बस्ती स्थित सोनू नामक व्यक्ति के घर में प्रवेश कर गया था। इसी दौरान, वहां मौजूद आरोपी राजेश्वर उर्फ सोनू एवं सत्यप्रकाश उर्फ बाबूजी वर्मा ने मिलकर मृतक के साथ मारपीट की थी। मारपीट की यह घटना इतनी गंभीर थी कि आदित्यनाथ पांडे की घटनास्थल पर ही मृत्यु हो गई।इसके उपरांत मृतक के परिजन ने थाना डभौरा पहुंचकर रिपोर्ट दर्ज कराई, जिस पर डभौरा पुलिस ने अपराध क्रमांक 102/2025 धारा 103(2), 3(5) भारतीय न्याय संहिता के अंतर्गत मामला पंजीबद्ध करते हुए विवेचना प्रारंभ की। पहले ही आरोपी राजेश्वर उर्फ सोनू को पुलिस ने गिरफ्तार कर न्यायालय में प्रस्तुत कर दिया था। अब इस प्रकरण के दूसरे आरोपी को भी पुलिस ने गिरफ्त में ले लिया है।

## विंध्य पूर्व सैनिक कल्याण संगठन ने मनाया कारगिल विजय दिवस



**रीवा।** उप मुख्यमंत्री राजेंद्र शुक्ल ने कहा कि देश की आन-बान-शान को बनाए रखने में विंध्य के सैनिकों ने अपना अभूतपूर्व योगदान दिया है। विंध्य के हमारे सैनिक सपूत देश की धरोहर हैं। उन्होंने भारत माता की रक्षा के लिए पूरे जोश के साथ अदम्य साहस से देश की रक्षा की। उप मुख्यमंत्री ने पूर्व सैनिक कल्याण संगठन द्वारा आयोजित श्रद्धांजलि एवं शौर्य सम्मान समारोह में भूतपूर्व सैनिकों को सम्मानित किया। माखनलाल चतुर्वेदी राष्ट्रीय पत्रकारिता विश्वविद्यालय में आयोजित कारगिल विजय दिवस की 26वीं वर्षगांठ पर उप मुख्यमंत्री ने विंध्य के शहीद सैनिकों को नमन किया और कहा कि उनकी शहादत हमें आगे बढ़ने का मार्ग प्रशस्त करती रहेगी। इस अवसर पर पूर्व सैनिक तथा बड़ी संख्या में गणमान्यजन उपस्थित रहे।

## छात्रा के साथ हुई बदसलूकीः थाने पहुंचा मामला, शिक्षिका पर गंभीर आरोप,सीएम राइस पीके स्कूल में सामने आई घटना

**रीवा**। शहर के प्रतिष्ठित सीएम राइज पी.के. स्कूल में एक छात्रा के साथ बदसलूकी का गंभीर मामला सामने आया है। पीड़िता के परिजनों ने स्कूल की एक शिक्षिका पर न केवल छात्रा की शिकायत को नजरअंदाज करने, बल्कि अभिभावकों के साथ भी अमर्यादित व्यवहार करने का आरोप लगाया है। मामला बढ़ने के बाद परिजनों ने जिला शिक्षा अधिकारी से लेकर एसपी ऑफिस और संबंधित थाने तक शिकायत दर्ज कराई है। प्राप्त जानकारी के अनुसार, पी.के. स्कूल में कक्षा में पढ़ने वाली एक छात्रा को उसकी ही क्लास की एक अन्य छात्रा द्वारा लगातार परेशान किया जा रहा था। जब पीड़िता ने यह बात अपने परिजनों को बताई, तो उसके पिता समाधान की उम्मीद लेकर स्कूल पहुंचे और संबंधित शिक्षिका से बात करने की कोशिश की। लेकिन, पीड़िता के पिता का आरोप है कि शिक्षिका ने न केवल उनकी शिकायत को अनसुना किया, बल्कि बेहद आपत्तिजनक टिप्पणी करते हुए यह तक कह दिया, हमारे स्कूल की लड़कियां तो सिगरेट पीती हैं, आप यहां से अपनी बेटी का नाम कटवा लीजिए। इस टिप्पणी से आहत पिता और शिक्षिका के बीच मौके पर तीखी बहस हो गई। स्कूल प्रशासन से जब इस मामले में सहयोग नहीं मिला, तो छात्रा के पिता ने न्याय की गुहार लगाते हुए एसपी कार्यालय सहित थाने में शिकायती पत्र सौंपा। शिकायत में उन्होंने शिक्षिका के व्यवहार, स्कूल में छात्राओं के प्रति बरती जा रही लापरवाही और स्कूल प्रशासन की उदासीनता की विस्तृत जानकारी दी है वही पुलिस ने पूरे मामले की गंभीरता को देखते हुए जांच शुरू कर दी है।

## हनुमना पुलिस ने सट्टा पर्ची काटते हुए दो आरोपी रंगे हाथ किये गिरफ्तार



**मऊगंज**। जिले के हनुमना थाना क्षेत्र में सट्टा के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत पुलिस को एक और बड़ी सफलता मिली है। वरिष्ठ अधिकारियों के दिशा-निर्देश पर कार्रवाई करते हुए हनुमना पुलिस ने दो सट्टा पर्ची काटने वाले आरोपियों को मौके से गिरफ्तार किया है।पुलिस को मुखबिर से मिली सूचना कि कुछ लोग वार्ड क्रमांक 10 और वार्ड क्रमांक 1 में सट्टा पर्ची का अवैध कारोबार चल रहा हैं। इस पर थाना प्रभारी निरीक्षक अनिल काकडे के नेतृत्व में पुलिस टीम ने त्वरित कार्रवाई करते हुए छापेमारी की।गिरफ्तार आरोपियों में संदीप गुप्ता पिता हीरालाल गुप्ता उम्र 42 वर्ष, निवासी वार्ड क्रमांक 10 हनुमना के कब्जे से पुलिस ने एक सट्टा पर्ची जिसमें नंबर अंकित थे, एक पेन (कीमत 10) और 370 नगद बरामद किए हैं।वहीं दूसरा आरोपी मुनव्वर बक्स पिता तसव्वर बक्स उम्र 53 वर्ष, निवासी वार्ड क्रमांक 1 को भी मौके से गिरफ्तार किया गया, जिसके पास से एक सट्टा पर्ची एवं एक पेन बरामद किया गया।थाना प्रभारी अनिल काकडे ने बताया कि आरोपियों के खिलाफ वैधानिक कार्रवाई करते हुए उन्हें मुचलका पर छोड़ दिया गया है। साथ ही यह भी बताया कि हनुमना थाना क्षेत्र में सट्टा जैसे अवैध कारोबार पर पुलिस की नजर बनी हुई है और इस तरह की कार्रवाई लगातार जारी रहेगी।स्थानीय नागरिकों ने पुलिस की इस तत्परता की सराहना की है और मांग की है कि क्षेत्र में सट्टा जैसे अवैध गतिविधियों के खिलाफ सख्त कदम जारी रखें जाएं।

## सिकल सेल एनीमिया की पहचान व इलाज में कारगर होगा केन्द्र - उप मुख्यमंत्री डिप्टी सीएम ने सिकल सेल परामर्श केन्द्र एवं पोषण मित्र केन्द्र का किया शुभारंभ



रीवा । उप मुख्यमंत्री राजेन्द्र शुक्ल ने कहा कि सिकल सेल एनीमिया से पीड़ति मरीजों की पहचान कर उन्हें समुचित चिकित्सा सुविधा एवं पोषण आर्गेनिक किट उपलब्ध कराने में किरण सेवा संस्थान महत्वपूर्ण भूमिका का निर्वहन करेगा। उप मुख्यमंत्री की उपस्थिति में किरण सेवा संस्थान, एनएचएम तथा गांधी मेमोरियल अस्पताल के मध्य एमओयू किया गया।किरण सेवा संस्थान में सिकल सेल परामर्श एवं पोषण मित्र केन्द्र के शुभारंभ अवसर पर उप मुख्यमंत्री ने कहा कि सिकल सेल को वर्ष 2030 तक प्रदेश से उन्मूलित किया जायेगा। रीवा जिले के साथ शहडोल जिले में भी किरण सेवा संस्थान ग्रामीण क्षेत्र तक सिकल सेल से पीड़ति मरीजों की पहचान कर उन्हें चिकित्सकीय परामर्श व आर्गेनिक पोषण किट प्रदान करेगा। शुक्ल ने कहा कि पीड़ति मानवता का सेवा में शासन के साथ स्वयंसेवी संस्थाएँ भी आगे आयें। सिकल सेल रक्त में विकृतियों से होने वाली बीमारी है। इसका प्रकोप आदिवासी क्षेत्रों में अधिक होता है। सभी के समन्वित प्रयासों से इसका उन्मूलन किया जा सकेगा। कार्यक्रम में डॉ. बीनू कुशवाहा ने बताया कि गांधी मेमोरियल अस्पताल में गर्भवती महिलाओं में सिकल सेल के परीक्षण की सुविधा उपलब्ध है। जेनेटिक लैब के प्रारंभ होने पर इसका संपूर्ण इलाज भी संभव हो जायेगा। कार्यक्रम में डॉ. अभय मिश्रा ने बताया कि किरण सेवा संस्थान द्वारा चिकित्सकों के माध्यम से निःशुल्क परामर्श दिया जायेगा साथ ही उन्हें शत-प्रतिशत आर्गेनिक किट भी उपलब्ध कराई जायेगी। इस अवसर पर समाजसेवी अतुल जैन ने कहा कि उप मुख्यमंत्री जी के प्रयासों से रीवा में चिकित्सा सुविधाओं में वृद्धि हो रही है। इस केन्द्र के माध्यम से सिकल से पीड़ति मरीजों की पहचान कर इलाज मिलेगा। कार्यक्रम मे अनिरूद्धाचार्य, श्रीमती विमलेश मिश्रा, जिला आयुष अधिकारी डॉ. शारदा मिश्रा सहित गणमान्य जन उपस्थित रहे।